आश्विन शुक्ल पक्ष-08, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 108 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

10 अक्टूबर 2024 गुरुवार

**आज का मौसम**

32 अधिकतम

27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संपदा 2.0 पोर्टल का लोकार्पण किया

# अब रजिस्ट्री के नए नियम, गवाह की जरूरत नहीं, घर बैठे मिलेगी सुविधा

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

पंजीयन की नई तकनीक पर विकसित किए गए सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग की सुविधा की शुरूआत आज मप्र में हो गई। कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में सीएम मोहन यादव ने इसे लोकार्पित किया। इसका फायदा यह होगा कि । दरअसल अप्रैल-महीने में मप्र के चार जिले- गुना, हरदा, डिण्डोरी एवं रतलाम में पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग को सफलतापूर्वक संचालित किया जा चुका है। यह सरकार का पायलट प्रोजेक्ट था। इसके बाद परिणामों की समीक्षा के आधार पर अब यह सुविधा व्यापक रूप से शुरू हुई है। चरणबद्ध तरीके से सॉफ्टवेयर पर दस्तावेजों के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग के लिये प्रदेश के समस्त जिलों में लागू किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। उक्त सॉफ्टवेयर द्वारा सम्पत्तियों का अंतरण, लोन इत्यादि दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण रूप से डिजिटली ही किया जायेगा। यदि उस दस्तावेज पर लोन लिया गया होगा, तो उसकी जानकारी भी इसमें देखी जा सकेगी साथ ही सम्पत्ति की पहचान कस्टोडियम डिपार्टमेंट से की जायेगी। पंजीयकों की पहचान ई-केवाईसी के माध्यम से पूर्ण की जायेगी। इसमें घर बैठे पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग की सुविधा भी होगी। संपदा 2.0 का नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन एवं नोटिफिकेशन जारी होने से अब देश में मध्यप्रदेश दस्तावेजों के पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित हुआ है।




### ई-केवाइसी से होगी पहचान

संपदा 2.0 में आधार ई-केवाइसी से पक्षकारों की पहचान होगी। इसकी विशेषताओं में संपत्ति की जीआईएस मैपिंग, बायोमेट्रिक पहचान और दस्तावेजों का स्वतः प्रारूपण शामिल है। इस प्रणाली में दस्तावेजों का निष्पादन ई-साइन और डिजिटल सिग्नेचर से किया जाएगा, जिससे गवाह को कार्यालय में लाने की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी। कुछ दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए अब उप पंजीयक कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीयन अधिकारी से संवाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा और कई मामलों में किसी भी प्रकार के इंटरेक्शन की आवश्यकता नहीं होगी। व्यक्ति की पहचान के लिए वीडियो केवाईसी का प्रावधान भी रखा गया है।

### एआई पर आधारिक साफ्टवेयर

यह सॉफ्टवेयर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित होगा। संपदा-2 के लागू होने से विभाग में पंजीयन का तरीका बदल जाएगा। दस्तावेजों की ई-कॉपी डिजी लॉकर, वॉट्सएप, और ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध होगी। साथ ही ई-स्टाम्प सृजित करने की सुविधा भी होगी। संपत्ति की सर्च प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। पक्षकारों को उनके मोबाइल पर ई-रजिस्ट्री प्राप्त होगी। इस प्रक्रिया में आधार की ओटीपी की आवश्यकता होगी, यदि आधार या पैन कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो पक्षकारों के डिजिटल सिग्नेचर बनाए जाएंगे।

### शुभ मुहुर्त में रजिस्ट्री का आखिरी दिन, सर्वर पस्त

इस वक्त मप्र में नवरात्र के शुभ मुहूर्त में लोग अपने मकान, दुकान, भूखंड की बढ़-चढ़कर रजिस्ट्री करवा रहे हैं। भोपाल में ही नवरात्र में प्रतिपदा तिथि से ही आईएसबीटी, गोविंदपुरा और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ है। सबसे खास बात यह रही है नवरात्र के पहले दिन से छठवें दिन तक सर्वर ने पूरा साथ दिया और खूब रजिस्ट्रियां हुई। लेकिन सातवें दिन यानि कल पहली बार पंजीयन कार्यालयों में सर्वर अटक गया। अब शुभ मुहूर्त में रजिस्ट्री का गुरुवार को आखिरी दिन है। क्योंकि शुक्रवार को स्थानीय अवकाश होने की वजह से पंजीयन कार्यालय बंद रहेंगे। लिहाजा अब सोमवार को ही रजिस्ट्री होंगी। इसीलिये खरीदार कोशिश कर रहे हैं कि अष्टमी के शुभ मुहूर्त में ही रजिस्ट्री हो जाए। आज मप्र में रिकॉर्ड रजिस्ट्रियां होने की उम्मीद है।

## रतन टाटा का अंतिम संस्कार अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

**मुंबई , एजेंसी।**



टाटा संस के चेयरमैन रतन टाटा की बीती रात मृत्यु के बाद बीती देर रात उनके पार्थिव शरीर को अस्पताल से घर लाया गया और आज अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स हॉल में रखा गया है। यहां दोपहर 3.30 बजे तक लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे और सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।देश के सभी शीर्ष नेताओं और अन्य क्षेत्रों के लोगों ने टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बीती रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली वे 86 वर्ष के थे और उन्हें कुछ दिन पहले उम्र संबंधी दिक्कतों की वजह से भर्ती कराया गया था।

**मोहन यादव ने दी श्रद्धांजलि:** रतन टाटा के निधन पर मप्र के सीएम मोहन यादव ने कहा कि स्वर्गीय रतन टाटा का जीवन अपने आप में एक विवि के समान है, उन्होंने अपने जीवन में बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करके भी दिखाया।

## सीएम हाउस पर घमासान, चाबी सौंपकर वापस ली

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

मुख्यमंत्री आवास को लेकर घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां कल ही फ्लैग हाउस यानि सीएम आवास को सील कर दिया गया था। इसके गेट पर विभाग ने डबल लॉक लगा है। केजरीवाल के दूसरे बंगले में शिफ्ट होने के बाद सीएम आतिशी इसमें शिफ्ट हुई थीं। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि उपराज्यपाल के कहने पर पीडब्लूडी ने मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर निकालकर आवास सील कर दिया है और इसे एक भाजपा नेता को आवंटित करने की तैयारी है। हालांकि भाजपा ने सीएम आतिशी पर गैरकानूनी ढंग से बंगले में रहने का आरोप लगाया है।

दरअसल सीएम आवास को केजरीवाल द्वारा खाली करने और हैंडओवर को लेकर ही विवाद है, जिसके बाद पीडब्लूडी ने एक्शन लिया है। आरोप है कि इस बंगले को विधिवत तरीके से हैंडओवर नहीं किया गया। इससे पहले ही मुख्यमंत्री आतिशी का सामान इस बंगले में पहुंचा दिया गया। बंगला खाली करने होने के बाद यह बंगला आतिशी को अलॉट भी नहीं किया गया था। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री आवास का एक वीडियो आया था, जिसमें सुनीता केजरीवाल बंगले की चाबी एक अधिकारी को सौंपती हुई दिख रही हैं। लेकिन पीडब्लडी के एक अधिकारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के विशेष सचिव को एक चिट्ठी लिखी और कहा कि इस बंगले की चाबी, सौंपने के कुछ समय बाद ही वापस ले ली गई । वहीं दिल्ली के सीएम ऑफिस ने आरोप लगाया कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया है।

## शेयर बाजार में सेंसेक्स 500 अंक उछला



**मुंबई , एजेंसी।**

फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति बैठक के मिनटों में अमेरिका में ब्याज दरों में और कटौती के संकेत मिलने के बाद, वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के बीच सकारात्मक रुझान के कारण भारतीय प्रमुख इक्विटी सूचकांक भी गुरुवार को बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 513 अंक बढ़कर 81,980.40 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 130 बढ़कर 25,112.65 पर पहुंच गया। बाजार में निवेशकों का ध्यान गुरुवार के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगा, विशेष रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर, ताकि फेड के आगे के फैसले पर रुझान मिल सके। इसके अलावे कंपनियों के परिणामों पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी।

## विस्फोटकों के साथ ट्रेन में आतंकी , मचा हड़कंप

**नई दिल्ली , एजेंसी।**




पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में विस्फोटक के साथ आतंकियों के सफर करने की सूचना से हड़कंप मच गया। रेलवे अधिकारी भी अलर्ट हो गए। इस गाड़ी को टूंडला रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तीन घंटे तक ट्रेन के पहिये थमे रहे, लेकिन हाथ कुछ भी नहीं लगा। जांच में पता चला कि एक्स से मिली ये जानकारी झूठी निकली। रेलवे अधिकारियों को आज सुबह विस्फोटक के साथ यात्रा कर रहे कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में एक्स से जानकारी मिली थी। हाांकि जानकारी झूठी निकली, क्योंकि लगभग 2.30 बजे से सुबह 6 बजे तक की गई गहन जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। प्रयागराज रेल डिवीजन के एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि %लगभग 2.30 बजे, सभी कोचों में यात्रियों को जगाया गया और उनके सामान की मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड से गहन जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।

## बद्री-केदार के प्रसाद के लिए एसओपी जारी

**देहराजूद , एजेंसी।**



तिरूपति लड्डू विवाद के बाद अब बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के अलावा बीकेटीसी के अधीन आने वाले मंदिरों में भोग और प्रसाद की गुणवत्ता व शुद्धता के लिए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है, जिसमें भोग प्रसाद तैयार करने और उसमें इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री, भंडारण के साथ निगरानी के लिए दिशा निर्देश दिए गए। अब साल में कम से कम एक बार भोग प्रसाद की फूड सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। तिरुपति मंदिर में प्रसाद में मिलने वाला देसी घी के लड्डू में मिलावट का मामला सामने आने के बाद बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भी बदरीनाथ, केदारनाथ धाम व अन्य मंदिरों में भोग व प्रसाद के लिए एसओपी जारी की है।

## पटना में पोस्टर वॉर, टोंटी चोर और नीतीश *पच्चीस से तीस...*

**पटना , एजेंसी।**




बिहार की राजनीति में फिर पोस्टर वार तेज हो गया है। राजनीति की इस आपाधापी में पोस्टर वार के जरिए इमेज बिगाड़ने या फिर बनाने का खेल भी चल रहा है। पटना में दीवारों पर पोस्टर किसने चिपकाया है यह तो पता नहीं चल पा रहा लेकिन भाजपा के प्रवक्ता अपने व्हाट्सएप पर इसे प्रचारित खूब कर रहे हैं। इस पोस्टर में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को टोंटी चोर की उपाधि देकर भ्रष्टाचार के लपेटे में लेने की बाजी चली गई है। यादव के हाथ में टोंटी दिखाई गई है नीचे लिखा है- टोंटी चोरज्फेलस्वी यादव। इसी तरह दूसरे पोस्टर में लालू यादव की तस्वीर के नीचे कैप्सन 'चारा चोर' लिखा है। जदयू ने एक पोस्टर जारी करते हुए बताया था कि कुर्सी का अगला हकदार कौन होगा? पार्टी कार्यालय के बाहर एक पोस्टर में स्लोगन लिखा गया '2025 से 30 फिर से नीतीश' इस स्लोगन से जदयू ने एक तरह से दावा ठोक डाला कि 2025 विधानसभा का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## वसुधैव कुटुम्बकम का गडकरी ने किया विमोचन



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने आवास पर पुस्तक 'वसुधैव कुटुंबकम-वैश्विक शांति के लिए आगे का मार्ग' का विमोचन किया। इस अवसर पर पुस्तक के सह-लेखक डॉ. मारकंडेय राय, डॉ. प्रभास चंद्र सिन्हा, और डॉ. सुरेंद्र कुमार पाठक के साथ सामाजिक नेता सुनील जोशी और गणेश वर्मा भी उपस्थित थे। यह पुस्तक भारतीय प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुंबकम ('संपूर्ण विश्व एक परिवार है') के सिद्धांत पर आधारित है,

# हरियाणा की हार का *मप्र कनेक्शन* भी!



**नजरिया**

**आशीष दुबे**

यूं तो हरियाणा का मप्र से कोई साम्य नहीं है। कहां हरियाणा के जाट और कहां मप्र के बाशिंदे। मगर हरियाणा की ताजा-ताजा चुनावी हार कांग्रेस को जिस बुरी तरह बेचैन किए हुए है, वही बेचैनी दिसंबर में भी पार्टी के भीतर थी, तब मप्र जैसे 'पके-पकाए' माने गए राज्य में उसे तगड़ी हार मिली थी। बस, यही हार और कई किरदार दोनों सूबों में कुछ साम्य पैदा करते हैं। मसलन, चुनावी रणनीति में गफलत, एक ही नेता को जरूरत से ज्यादा फ्रीहेंड, आत्मविश्वास की अति और भाजपा के चौतरफा चुनावी चक्रव्यूहों से असावधानी..।

कांग्रेस को यह दोनों राज्य खोने का दर्द ज्यादा है, क्योंकि तब राजस्थान को वह 'गॉन-केस' मानकर चल रही थी, मगर नतीजों ने अहसास कराया था कि, उस रेत में वह ज्यादा मेहनत करती तो मप्र का दंश उसे ज्यादा न सालता और हरियाणा की हार से वह खुद सहला लेती। अब हुड्डा के सामने भी वही खतरे हैं, जिन्हें दिसंबर में कमलनाथ ने लपेटे में लिया था। हुड्डा की तरह कमलनाथ भी मप्र के चुनाव में एकतरफा फैसले के लिए आजाद थे और हरियाणा के सुरजेवाला व सैलजा की तरह मप्र में भी दिग्विजय,पचौरी,अरुण यादव खेमा कसमसा रहा था। कपड़ाफाड़-किस्सा भोपाल से निकलकर पूरे देश में सुर्ख था।

आज आम आदमी पार्टी हरियाणा को लेकर कांग्रेस को लताड़ रही है तो दिसंबर में समाजवादी पार्टी मप्र में कांग्रेस को ऐसे ही आंखें दिखा रही थी। यानि मप्र के सबक हरियाणा में नहीं याद रखे गए !



इन तथ्य-कथ्य फैक्टर्स के बीच एक और किरदार है जो तब भी मप्र में बेआबरू हुआ और अब हरियाणा में, सुनील कोणुगोलू। जो कांग्रेस के कर्नाटक जीत के शिल्पकार हैं। हरियाणा में इन्हीं के इंटरनल सर्वे पर टिकट बंटे, प्रचार शैली बनी। लेकिन कोणुगोलू का स्ट्राइक रेट तो बिगड़ चुका है, ऐसे कई किरदार कांग्रेस का स्ट्राइक रेट तबाह कर रहे हैं। हालांकि हरियाणा में कांग्रेस ने जिन मुद्दों पर चुनाव लड़ा उसमें किसान व जवान को छोड़कर बाकी यानि जातिगत जनगणना या आरक्षण हरियाणा के बजाए महाराष्ट्र व झारखंड में ज्यादा कारगर हो सकते हैं। मगर जरूरत नेताओं के बीच संतुलन की ज्यादा है। भाजपा ने तो लोकसभा चुनाव के बाद मिली हताशा को चार महीने में काफी हद तक धो लिया है। मगर हरियाणा की जीत उसे लोकसभा चुनाव वाले *चार सौ पार* जैसे अतिविश्वास की इजाजत नहीं देती, क्योंकि कश्मीर परिणाम उसका पीछा करेगा। बावजूद कांग्रेस अब शायद यह नहीं कह सकेगी कि 'हमने उनके (पीएम) आत्मविश्वास को खत्म कर दिया।' कांग्रेस को असल जरूरत भाजपा की तरह चुनावी नदी में धंसकर लड़ने की है, सिर्फ *'जोरदार प्रचार के पुल'* पार करने से 'नदी' पार नहीं होगी। जैसा नरेश सक्सेना ने लिखा है- *पुल पार करने से पुल पार नहीं होता,सिर्फ़ लोहा-लंगड़ पार होता है, कुछ भी नहीं होता पार, नदी में धँसे बिना, न पुल पार होता है न नदी पार होती है।'*

### कसूरवार कौन : ईवीएम या सियासी दल



खास बात यह है कि मप्र में जिस तरह हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम पर हमले किए थे, कमोबेश वही हरियाणा में हो रहा है। कांग्रेस के टेक्नोक्रेट हरियाणा की बीस सीटों पर ईवीएम की 'भूमिका' तलाश रहे हैं। तो क्या एक बार फिर यह सनातन विवाद व्यापक बहस की जरूरत का इशारा कर रहा है? करीब चौदह साल पहले भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव की किताब 'डेमोक्रेसी एट रिस्क-कैन वी ट्रस्ट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' की प्रस्तावना में लालकृष्ण आडवाणी ने लिखा था - 'टेक्नोलॉजी के नजरिए से मैं जर्मनी को मोस्ट एडवांस्ड समझता हूं। वहां भी ईवीएम इस्तेमाल पर बैन है। मुझे लगता है कि हमारा इलेक्शन कमीशन भी ऐसा करता है, तो इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। यानि कभी भाजपा तो अब सपा,बसपा,आप और कांग्रेस भी इसके शिकवे करते रहे हैं।



**वजह :** खराब सड़कें, धूल के गुब्बार और पानी के छिड़काव समेत सफाई का अभाव

**नुकसान:** बीमार व बच्चों को ज्यादा परेशानी होंगी, आम इंसान भी होंगे प्रभावित

# ठंड दूर, लेकिन अभी से चढ़ने लगा वायु प्रदूषण का ग्राफ, फेफड़ों का हाफना तय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ठंड पड़ने में अभी देरी है लेकिन उसके पहले ही वायु प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। सड़कें बुरी तरह खराब हैं, धूल के गुब्बार जानलेवा साबित हो रहे हैं। जिसकी वजह से वातावरण में धूल का स्तर पहले से बढ़ा हुआ है। अब नमी के कारण ये धूल निचले वातावरण में ही बनी हुई है। जिसके कारण पार्टिकुलेट मैटर पीएम 2.5 व पीएम 10 का स्तर बढ़ने लगा है। कोलार चौराहे, नर्मदापुरम रोड, भेल, पुराने शहर से लेकर शहर के अंदर व बाहर की सड़कों पर धूल के गुब्बार की वजह से पीएम 2.5 व पीएम 10 का स्तर पिछ्ले आठ दिनों में क्रमशः 50 व 100 से बढ़कर 105 से 200 तक पहुंच रहा है जो सामान्य से 50 फीसद अधिक है। वायु की गुणवत्ता खराब है। यही हाल रहा है तो अगले 15 दिनों में फेफड़ों का हाफना तय है।

### हर बार बनती है वायु प्रदूषण की स्थिति

यह पहली बार नहीं है, बल्कि भोपाल शहर से लेकर राज्य के मुख्य शहरों में हर साल ठंड के दिनों में वायु प्रदूषण की स्थिति बन जाती है। हवा की सेहत बताने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से 450 के बीच पहुंच जाता है। इंडेक्स का उक्त् स्तर तक पहुंच जाना बहुत ही खतरनाक स्थिति को दर्शाता है। ऐसी स्थिति बीमार, बुजुर्ग व बच्चों में चिड़चिड़ापन, श्वसन संबंधी परेशानियां बढ़ाती है और भी कई तरह की स्थिति बन सकती है। पर्यावरण को भी काफी हद तक नुकसान होता है। वातावरण में पाए जाने वाले जीवों पर वितरित असर पड़ता है।

### ये जिम्मेदार

- निर्माण एजेंसी पहले नंबर पर जिम्मेदार बताई जाती है। इनकी बनाई सड़कें चार महीने नहीं टिक रही है, बार–बार उखड़ने के कारण वातावरण में धूल का स्तर बना रहा है।
- बार–बार सड़कों को खोदने और काम करने की स्थिति बन रही है, यह प्लानिंग की कमी का नतीजा है, जिसमें बिजली, पानी, टेलीफोन, दूर संचार, गैस सेवा देने वाले विभाग व एजेंसियां शामिल है।
- नगर निगम का जिम्मा होता है कि उसके शहर में कहां, क्या हो रहा है, उसे कैसे स्वच्छ बनाए रखना है लेकिन वायु प्रदूषण की रोकथाम वाले विषय पर नगर निगम हर साल फेल हो रहा है।
- परिवहन विभाग बुरी तरह निष्क्रिय दिखाई दे रहा है, जो खराब व कंडम वाहनों को सड़कों से बाहर नहीं कर पा रहा है। ये वाहन रिकार्ड धुंआ छोड़ते हैं, जिसके कारण हवा में हानिकारक कणों का स्तर बढ़ जाता है।
- सामाजिक वन विभाग, जो कि वन विभाग का एक हिस्सा है, इसका जिम्मा शहर में वनों की देखभाल करना, घनत्व बढ़ाना है, सड़कों के किनारे पौधे लगाना और उनकी पेड़ बनने तक देखभाल करना है। शहर में हरियाली कवर लगातार कम हो रहा है लेकिन यह विभाग ध्यान नहीं दे पा रहा है।
- सामाजिक स्तर पर रोकने–टोकने जैसी स्थिति कम है, जिसके कारण वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है। जबकि पर्यावरण हो या वायु प्रदूषण, इसे विभाग अपने स्तर पर पूरी तरह ठीक कर ही नहीं सकते, इसके लिए समाज का इनवाल्व जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक जब तक समाज इनवाल्व नहीं होगा, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को टोकेगा, तब तक बात नहीं बनेगी।

# अब प्रशासकों के कामों की होगी हाइटेक मॉनीटरिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**लगातार आ रही शिकायतों के बाद लिया निर्णय**

राजधानी में जिला प्रशासन अब हाइटेक तरीके से मॉनिटरिंग करने जा रहा है। इसके लिए पूरा सिस्टम विकसित होगा। प्रशासकों के रोजाना के कामों का अपडेट किया जाएगा। इसके अलावा हर निर्णय और स्थिति से उच्चाधिकारी तुरंत परिचित होंगे। गृह निर्माण समितियों के प्रशासकों के कामकाज पर अब कसावट होगी। 500 गृह निर्माण समितियों में से 200 से अधिक में प्रशासक नियुक्त किए हुए हैं। जब भी किसी गृह निर्माण समिति में सदस्यों के बीच किसी तरह का विवाद बनता है और चुनावों में देरी होती है तो सहकारिता विभाग यहां प्रशासक नियुक्त कर देता है। ये इन समितियों के कामकाज को संचालित करते हैं। इस प्रकार की नियुक्तियों का उद्देश्य समितियों के सदस्यों के अधिकारों और उनकी संपत्तियों की देखरेख सुनिश्चित करना है।

### 200 प्रशासकों की 700 से अधिक शिकायतें

बताया जाता है कि गृह निर्माण समितियों के प्रशासकों के कामकाज को लेकर नई तकनीकी का उपयोग करेंगे। शिकायतों का निराकृत कर समिति सदस्य- रहवासियों को बेहतर लाभ हो, इसके लिए सिस्टम विकसित करेंगे। गृह निर्माण समितियों के 200 प्रशासकों के कामकाज को लेकर रहवासियों ने प्रशासन को डेढ़ साल में 700 से अधिक लिखित शिकायतें की है। कोलार की गुड शेफर्ड कॉलोनी की प्रशासक अनिता बिष्ट है, गौरव गृह निर्माण समिति में आरके कातुलकर को हाल में प्रशासक नियुक्त किया गया। शहर की बड़ी कॉलोनी में से एक गायत्री गृह निर्माण समिति व रोहित नगर गृह निर्माण समिति में मुकुंदराव भैंसारे प्रशासक है। रहवासियों व प्रशासकों के बीच लगातार विवाद और फिर शिकायतों की स्थिति बनी हुई है।

### ऐसे मिलेगी राहत

- सोसायटी में चुनाव की राह बनेगी।
- समिति की नियमित बैठक होगी, जिससे कॉलोनी के मुद्दे समय में हल होंगे।
- कॉलोनी में सड़क, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पानी जैसे मामलों में मेंटेनेंस समय पर होगा।
- गृह निर्माण समिति में प्लॉट की अवैध खरीद बिक्री मामले से जुड़े भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।
- कॉलोनी के विकास में रहवासियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।




**शपथ समारोह**

**भोपाल।** गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित शपथ समारोह में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कक्षा प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इस अवसर पर संचालक चिकित्सा शिक्षा, डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव और अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह, स्टाफ एडवाइजर डॉ अन्ना एलेक्स, डॉ. आर पी कौशल, डॉ मंजूषा गोयल, और, डॉ दीप्ति चौरसिया, डॉ रुचि टंडन, डॉ तृप्ति सक्सेना, डॉ. एच यू घोरि ने भाग लिया।

# संतनगर में 51 फिट का रावण व 45 के मेघनाद के पुतले जलेंगे

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

**श्रीराम बारात निकलेगी, भव्य आतिशबाजी होगी, कब्बड्डी प्रतियोगिता**

संतनगर में नवयुवकसभा पिछ्ले 69 वर्षों से विजया दशमी महोत्सव का आयोजन करती है। इस बार भी 'दशहरा महोत्सव' 12 अक्टूबर को हाई स्कूल ग्राउंड पर मनाया जाएगा। महोत्सव में असत्य के प्रतीक रावण का 51 फिट का और 45 फिट का मेघनाद का शाम 7.30 बजे पुतला दहन होगा। इससे पहले आकर्षक आतिशबाजी होगी। कार्यक्रम की शुरूआत नवयुवक सभा भवन से श्रीराम बारात एवं आकर्षक झांकियों के साथ होगी। राम बारात संतनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पर पहुंचेगी। दोपहर ढाई बजे विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच कब्बड्?डी प्रतियोगिता होगी, विजेता टीम को शाम को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में संतनगर व आसपास के इलाकों के दो लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। समारोह में शासन के वरिष्ठ मंत्री/ जनप्रतिनिधि/ अधिकारी अतिथियों के रूप में शामिल होंगे। संस्था के अध्यक्ष विष्णु गेहानी, संरक्षक वासुदेव वाधवानी, उपाध्यक्ष महेश दयारामानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल व अन्य पदाधिकारियों ने लोगों से दशहरा उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

### दशहरा मैदान का जायजा लिया



दशहरा उत्सव एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन समारोह के लिए नगर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन स्थलों का जायजा लिया। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण व नवयुवक सभा के संरक्षक वासदेव वाधवानी ने व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी। दशहरा मैदान पर मैदान का समतलीकरण व अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए। आयोजन स्थलों पर बिजली, पानी व अन्य व्यवस्थाओं को एक दिन पूरा करने का कहा गया।

**गरबा महोत्सव**



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे समस्त छात्र छात्रों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी पारम्परिक वेशभूषा में उपस्थित हुए । डेंटल विभाग की छात्रा अदिति रानी को बेस्ट गरबा डांस का प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरुस्कार प्रियंका पटेल मैनेजमेंट विभाग से एवं तृतीया पुरुस्कार तृष्टि लोवंशी नरसिंग विभाग की छात्रा को दिया।

# भारत टॉकीज से निकलेगा चल समारोह चलित झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

**निर्माण कार्य के कारण रूट बदला, मार्ग का निरीक्षण किया**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** इस साल दुर्गोत्सव चल समारोह 13 अक्टूबर को भारत टॉकीज चौराहे से शुरू होगा। अभी यह चल समारोह हमीदिया रोड से निकाला जाता था, लेकिन यहां निर्माण कार्य चलने के कारण रूट बदला गया है। जिला प्रशासन और हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने चल समारोह के मार्ग का निरीक्षण किया। डीसीपी रियाज इकबाल और एसडीएम आशुतोष शर्मा ने नगर निगम के अपर कमिश्नर के साथ मिलकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नवयुग हिन्दू उत्सव समिति की ओर से भारत टॉकीज चौराहे से चल समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह रात्रि में 8 बजे शुरू होगा। इस चल समारोह में शहर की करीब 150 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं और चलित झांकियां शामिल होंगी।

### अधिकारियों ने मौके पर ही कई निर्देश दिए

- 150 से अधिक प्रतिमाएं होंगी शामिल
- चल समारोह मार्ग के गड्ढे भरवाने के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्देश।
- सभी कट पॉइंट पर बैरिकेड्स लगाने की व्यवस्था।
- पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए।

**मेट्रो एंकर** | विद्यालयों एवं महाविद्यालय में हुए आयोजन

# नवरात्र पर गरबा से बच्चों ने की मां की आराधना

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशनल सोसायटी की शिक्षण संस्थाओं ने नवरात्र पर गरबे के आयोजन किए गए, विद्यार्थियों ने गरबा डांडिया कर मां की आराधना की।

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, आरती और मंगलाचरण से हुई। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि गरबा महोत्सव के माध्यम से छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अवसर मिलता है, साथ ही उनमें सामूहिकता, अनुशासन और टीमवर्क की भावना भी विकसित होती है।

**तीन दिन गरबा महोत्सव:** विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी प्ले स्कूल में नन्हें- मुन्ने विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय गरबा एवं डांडिया का आयोजन किया गया, जिसमें गरबा एवं डांडिया के गीतों पर ताल से ताल मिलाते हुए सुंदर नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यासागर पब्लिक स्कूल के निदेशक भगवान दामानी भी उपस्थित थे। विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने बच्चों को नवरात्रि पर्व एवं दशहरे का महत्व बताया। नौ देवियों के बाल रूप में नन्हीं बालिकाएं साक्षात उनके ममतामई और शक्ति रूप के दर्शन करा रही थी।





**संत कॉलेज में गरबा उत्सव:** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में नवरात्रि में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर नवरात्रि की समृद्ध परंपराओं को अपनाया। कॉलेज परिसर को रंग-बिरंगे साज-सज्जा से सजाया गया, जहां प्रतिभागी पारंपरिक परिधानों में सजी हुई, गरबा और डांडिया पर थिरकीं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि नवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं है यह एक आध्यात्मिक यात्रा है जहां हम न केवल सुंदर परिधानों से बल्कि उन गुणों से भी खुद को सुसज्जित करते हैं जो हमारे भीतर देवी के सार की गूंज हैं। शानदार नृत्य प्रस्तुति के लिए कशिश सोनी को डांडिया दीवा की उपाधि से सम्मानित किया गया। लीना सिरवानी को डांडिया दीवा अटायर का पुरस्कार दिया गया।

### छात्रावासों व आश्रमों के संचालन के लिए समीक्षा बैठक सह कार्यशाला में दिए निर्देश

# छात्रावासों का नियमित हो निरीक्षण छात्रों के बनेंगे हेल्थ कार्ड: मंत्री शाह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



जनजातीय कार्य विभाग के अधीन छात्रावासों एवं आश्रमों के संचालन संबंधी समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभागीय छात्रावासों एवं आश्रमों का सुव्यवस्थित संचालन एवं यहां रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में सभी विभागीय जिलाधिकारियों की सहभागिता रही। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिकारियों छात्रावासों एवं आश्रमों का अनिवार्य रूप से सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहकर अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी छात्रावासी विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड बनाये जायें, जिनमें उनके ब्लड ग्रुप एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दर्ज की जायें। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य कार्ड में सिकल सेल एनीमिया टेस्ट की रिपोर्ट भी सम्मिलित की जाए। निकटतम सरकारी अस्पताल की एक नर्स द्वारा हर माह छात्रावास के विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की जाए। इस स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट भी विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड में दर्ज की जाएगी। कार्यशाला में उन्होंने छात्रावास संचालन से जुड़ी सभी जरूरी आवश्यकताओं, मापदंडों, सुरक्षा मानकों, साफ-सफाई, बाल सुरक्षा अभियान व अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा कर समुचित दिशा-निर्देश दिये।

### बच्चों पर विशेष ध्यान देने व सुरक्षा पर जोर

बैठक में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. ई. रमेश कुमार, विभागीय संभागीय उपायुक्त, मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय अधिकारियों को छात्रावासी बच्चों पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों की सुरक्षा संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सुधार होगा। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि छात्रावासी विद्यार्थियों की अच्छी सेहत और बेहतर शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है। विशेष प्रयासों से विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।


# केंद्र के दबाव के बाद सीएस ने बुलाई बैठक, रातापानी को जल्द रिजर्व बनाने की कवायद तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

16 वर्षों से अटकी रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को रिजर्व बनाने की प्रक्रिया को मोहन सरकार के नेतृत्व में जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इसके लिए बुधवार को बैठक बुलाई थी, जिसमें लगभग सभी विभाग मौजूद थे। सीएस ने पूछा कि रिजर्व बनाने की प्रक्रिया में कहां दिक्कत आ रही है, जिस पर विभागों ने अपने–अपने कामों के बारे में बताया। सीएस ने कहा कि बाघों की सुरक्षा के लिए अभयारण्य को रिजर्व बनाना है, इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिसके जो काम बचे है, वे जल्द पूरे किए जाए। तब तक रिजर्व बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। एसीएस वन अशोक बर्णवाल ने सीएस से एक महीने का समय मांगा है, उसके बाद अभयारण्य को रिजर्व बना दिया जाएगा। उधर, माधव नेशनल पार्क को भी रिजर्व बनाने की कवायद जारी है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से सैद्धांतिक मंजूरी मिलना बाकी है, जिसके लिए मप्र की ओर से पत्राचार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को 2008 में ही रिजर्व बनाने की सैद्धांतिक सहमति मिल गई थी, लेकिन तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने इस पर कभी ध्यान ही नहीं दिया। अब मोहन यादव की सरकार ने इसे प्राथमिकता में लेते हुए जल्द कार्रवाही पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### 'चिल्ड्रन लव योर आईज' थीम पर मना रहा दृष्टि दिवस

**भोपाल।** आज विश्व दृष्टि दिवस मप्र में चिल्ड्रन्स लव योर आईज थीम पर मनाया जा रहा है। इसके लिये सभी सरकारी अस्पतालों में विशेष शिविर लगाये गये हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आंखों की सुरक्षा केवल बाहरी कारकों से नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली से भी जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और अपने बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन दें। शुक्ल ने कहा कि कई अनुसंधानों से यह तथ्य सामने आए हैं कि आज के समय में स्क्रीन टाइम के अत्यधिक उपयोग के कारण बच्चों में मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। और हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए आंखों को आराम देने की आदत डालें।



### अनशन समाप्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रोशनपुरा पर चल रहा पूर्व विधायक पीसी शर्मा का अनशन को बुधवार शाम प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जूस पिलाकर समाप्त करवाया इसके पहले कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया – *फोटो निर्मल व्यास*

# शिक्षकों का स्टेम आधारित प्रशिक्षण आयोजित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के क्रिएटिव लर्निंग सेंटर, द्वारा भारत के पश्चिमी क्षेत्र के 25 पीजीटी भौतिकी शिक्षकों के एक समूह हेतु विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, गणित एवं नवाचार आधारित स्टेम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ये शिक्षक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित माध्यमिक स्तर-भौतिकी में शैक्षिक किटों के उपयोग पर पश्चिमी क्षेत्र के केआरपी के प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। दोपहर 1:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक अपनी यात्रा के दौरान शिक्षकों द्वारा एसटीईएम शिक्षा पर व्यावहारिक सत्र और क्रिएटिव लर्निंग सेंटर में विकसित विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आधारित नवीन मॉडल और प्रदर्शनों की एक कार्यशाला का अनुभव किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भौतिकी शिक्षकों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन से आवाज बनाना, न्यूटन के नियमों पर आधारित खिलौने और गणित व विज्ञान के बेसिक फंडामेंटल पर आधारित मॉडल शामिल थे। इस दौरान शिक्षकों और बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के तहत न्यूज पेपर से टोपी बनाना, कहानियों को शिक्षा से जोड़ना और वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल और मनोरंजक तरीके से समझाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही, एक विशेष डेमोंस्ट्रेशन में रिमोट कंट्रोल से संचालित एयरक्राफ्ट का भी प्रदर्शन किया।



## संपादकीय

# दो दलों को दो चुनावी सबक

लोकसभा चुनाव के बाद दो महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों ने भाजपा को चार महीने पहले मिले कम बहुमत के दंश को काफी हद तक कम कर दिया है। क्योंकि हरियाणा में लगातार तीसरी बार उसकी सरकार बन गई है और कश्मीर में भी उसे पिछले चुनाव के मुकाबले ज्यादा सीटें मिल गई हैं। इसके चलते अब उसके पास महाराष्ट्र व झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करने का बल मिल गया है। मगर हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के लिए ये नतीजे निश्चित रूप से एक नए दौर का संकेत माने जा सकते हैं। इन नतीजों ने किसी तरह के असमंजस की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। इसके संदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। जैसा कि पहले से माना जा रहा था इन चुनावों के नतीजे न सिर्फ जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की जनता और वहां की राजनीति के लिहाज से अहम हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण मसलों पर राष्ट्रीय राजनीति का रुख भी इनसे प्रभावित होने वाला है। जम्मू कश्मीर में दस साल के अंतराल के बाद हुए चुनावों में आम लोगों की जैसी भागीदारी रही और जिस तरह से अलगाववादी धारा का हिस्सा रहे लोग भी चुनावी राजनीति की राह अख्तियार करते दिखे, वह न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक पॉजिटिव संदेश है। सबसे बड़ी बात- नैशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला, जिस पर चुनावी मुकाबले में कुछ पीछे रह गई पीडीपी ने भी संतोष जताया। इन चुनावों ने जिस एक बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया, वह है जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा। यह इकलौती ऐसी बड़ी मांग रही, जिस पर भाजपा समेत सभी पक्षों की सहमति है। शांतिपूर्ण चुनाव, उत्साहवर्धक जनभागीदारी और स्पष्ट जनादेश- ये तीनों ही बातें इस पर जोर दे रही हैं कि अब इसमें और देर नहीं करनी चाहिए। जितनी जल्दी संभव हो जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होना चाहिए।मगर हरियाणा में दस साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को मात देते हुए भाजपा ने जो तीसरी बार सत्ता वापसी की है, वह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। 'किसान, जवान और पहलवान' के नाम पर जो नैरेटिव लंबे समय से चलाया जा रहा था, उसे नतीजों के बरक्स देखें तो वह अपनी चुनावी उपयोगिता खो चुका लग रहा है। खास बात यह है कि हरियाणा के बारे में सभी एग्जिट पोल भी ध्वस्त हो गये तथा चुनावी पंडित के अनुमान भी खेत रहे। कांग्रेस के हार स्वीकार करने से पहले ही जिस तरह से विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो घटक दलों आम आदमी पार्टी और शिवसेना- ने कांग्रेस के रुख को निशाना बनाना शुरू कर दिया, उससे साफ है कि ये नतीजे विपक्षी राजनीति में कांग्रेस की राह मुश्किल बनाने वाले हैं। राष्ट्रीय राजनीति में सत्तारूढ़ भाजपा के लिये तो यह नतीजे बडी राहत लेकर आए हैं। क्योंकि लोकसभा चुनाव में सीटें कम होने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि घटक दलों के दबाव में सरकार चलाना आसान नहीं साबित होने वाला। संघ और भाजपा के कुछ नेताओं के असुविधाजनक बयान भी चर्चा बटोर रहे थे। इन सबसे यह परसेप्शन बन रहा था कि पार्टी पर मौजूदा नेतृत्व की पकड़ कमजोर हो रही है। चुनाव नतीजे इन असंतुष्ट गतिविधियों पर अंकुश लगाने का काम कर सकते हैं।हालांकि एक चुनावी हार से यह मान लेना की कांग्रेस व विपक्षी गठजोड का दमखम समाप्त हो गया है या यह धारणा कि भाजपा फिर पांच साल पुराने सुनहरे दौर में आ गई है, जल्दबाजी ही होगी।

क्या आपको पता है कि कितने कम लोग वास्तव में समझ पाते हैं कि वे अपनी परिस्थितियों में कितने भाग्यशाली हैं?
– आर.के. नारायण

## आज का इतिहास

- 1521 - पोप लियो दशम ने इंग्लैंड के राजा हेनरी अष्टम को 'आस्था के रक्षक' की उपाधि दी।
- 1737 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में आए चक्रवाती तूफान में करीब तीन लाख लोगों की मौत हो गई।
- 1852 - ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के पहले विश्वविद्यालय सिडनी यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई।
- 1862 - वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिशन ने अपनी पहली खोज, इलेक्ट्रिक वॉइस मशीन का पेटेंट ?हासिल किया।
- 1869 - कनाडा में ब्रिटिश सेना के खिलाफ लाल नदी विद्रोह शुरू किया गया।
- 1881 - अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया।
- 1987 - भारत की शांति सेना ने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन की शुरुआत लिट्टे का कब्जा खत्म कर जाफना को मुक्त कराने के लिए की।
- 1899 - दक्षिण अफ्रीका बोअर ने ग्रेट ब्रिटेन पर हमले की घोषणा की।
- 1930 - जवाहरलाल नेहरू को नैनी सेंट्रल जेल से रिहा।
- 1932 - पहली बार राजनीतिक कार्यक्रम का प्रसारण सीबीएस ने न्यूयॉर्क में किया।
- 1942 - बॉलीवुड के शहंशाह और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में जन्म।
- 1968 - अमेरिका का पहला मानवयुक्त ओपोलो मिशन 'अपोलो 7' के प्रक्षेपण का कक्षा से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया।
- 1984 - अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक कैथरीन डी सुलिवन अंतरिक्ष में सैर करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनी।

## निशाना

### खतरे में आधार !



- कृष्णेन्द्र राय

हो रहा विश्लेषण ।
मिली करारी हार ।।
मिल जाती यदि कुर्सी ।
हो जाता उपकार ।।
भाषण और भ्रमण से ।
था लगाया जोर ।।
आ गया परिणाम ।
काम ना आया शोर ।।
कुछ नई तरकीब पर ।
हो सकता विचार ।।
पर अभी हकीकत ।
खतरे में आधार ।।
करके खड़ा तंत्र पर ।
पल पल ये सवाल ।।
क्या लगता है सचमुच ।
टल सकता बवाल ।।

# रावण के बहाने समाज की बात!!

संजीव शर्मा

**रावण का अंत भले ही देशभर में एक साथ एक जैसा होता है लेकिन अपने जन्म से लेकर जलने तक के नौ दिनों के दौरान वह मीडिया की सुर्खियां जरूर बटोरता रहता है। कभी शहर के किसी खास क्षेत्र को ही रावण गली कहा जाता था क्योंकि रावण के सबसे ज्यादा पुतले वही बनते थे लेकिन समय के साथ रावण के जन्म स्थान का भी जमकर विस्तार हुआ है। अब शहर के कई इलाकों में छोटे बड़े आकार के सैंकड़ों रावण नजर आने लगे हैं। एक बार रावण कुनबे का आकार प्रकार तय हो जाने के बाद उनके जन्मदाता उनके अंदर आतिशबाजी लगाने का काम करते हैं क्योंकि रावण के जलने में असल मजा तो बम पटाखों का ही है। जब वह अपनी भयंकर कानफोडू आवाज और आंखों को चुंधिया देने वाली रोशनी यहां वहां बिखेरता है तो दर्शक उल्लासित होकर तालियां बजाने लगते हैं। एक तरह से इस आतिशबाजी, बम की आवाज और रंग-बिरंगी रोशनी के जरिए रावण अपनी ताकत का अहसास कराता है। आम लोग भी वहीं सबसे ज्यादा जुटते हैं जहां का रावण सबसे ज्यादा धूम धड़ाका करता है। यह दिखावा आम जिंदगी का फलसफा भी बनता जा रहा है मतलब जो जितना ज्यादा दिखावा कर सकता है उसकी उतनी ही ज्यादा पूछ होती है। फिर भले ही वह बुराइयों का पुतला ही क्यों न हो। शायद, यही वजह है कि इन दिनों किसी अपराध में पकड़े जाने पर भी नामी लोग शर्म से चेहरा छुपाने की बजाय 'विक्ट्री साइन' बनाते हुए जेल जाते हैं और मात्र जमानत मिलने पर उसके समर्थक ऐसा जलसा करते हैं जैसे वह जेल से नहीं बल्कि सरहद पर दुश्मन को धूल चटाकर लौट रहे हैं।**

समाज में एक बार फिर रावण 'आकार' लेने लगा है। हर साल इन्हीं दिनों में देश के तमाम शहरों में रावण जन्म लेने लगता है और धीरे-धीरे उसका आकार विशाल और रूप भयंकर होता जाता है। आमतौर पर मानव जीवन में बच्चों के जन्म में 9 महीने का समय लगता है लेकिन रावण तो रावण है इसलिए वह 9 महीने का सफर महज 9 दिन में पूरा कर लेता है। वैसे भी बुरी प्रवृत्तियों के विस्तार में समय कहां लगता है। अच्छाइयों को जरूर आदत बनने में कई कसौटियों से गुजरना पड़ता है। फिलहाल, रावण का धड़ बन गया है। इसमें अहम तथ्य यह है कि जन्म के साथ ही रावण फूलना शुरू कर देता है। यह फुलाव घमंड का हो सकता है,असीमित शक्ति का और शायद संपन्नता का भी। जैसे-जैसे रावण दहन का समय नजदीक आता जाएगा रावण का शरीर और सिर घमंड से बढ़ते जाएंगे। एक सिर वाला रावण दस सिर का हो जाएगा।ज्और फिर जैसा कि कहावतों/मुहावरों में कहा जाता है कि 'पाप का घड़ा भर गया है', 'बुराई का अंत निकट है' या फिर 'बुराई का अंत अच्छाई से होता है,' वाले अंदाज में तमाम बड़े आकार प्रकार के बाद भी रावण को अंततः जलना पड़ता है।



वैसे, इन दिनों समाज में समय के साथ-साथ रावण का कद और संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। कभी 20-21 फीट का रावण आज 100 फीट को भी पार कर गया है । इसके बाद भी न तो रावण जलाने वालों की भूख शांत हुई है और न ही रावण का घमंड कम हुआ है इसलिए मृत्यु के बाद भी रावण हर नए साल में नए रंग-रूप और आकार-प्रकार के साथ फिर जन्म ले लेता है । समय के साथ रावणों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। पहले किसी शहर में एक या दो जगह ही रावण दहन होता था लेकिन अब रावण जलाने वाले भी बढ़ गए हैं और रावण भी। महानगरों क्या, अब तो छोटे छोटे शहरों में भी हर गली-मोहल्ले में रावण अपने बंधु-बांधवों के साथ बच्चों के खेलने के मैदान पर कई दिन पहले से कब्ज़ा करने लगा है। उधर, बच्चे भी दशहरे की छुट्टियों के बाद भी मैदान में दिखने की बजाए मोबाइल में तोप तमंचे चलाने वाले खेलों में आंखें गड़ाए रहते हैं। इससे बच्चे भी खुश हैं,उनके अभिभावक भी और रावण भी फूल कर कुप्पा है।

रावण का अंत भले ही देशभर में एक साथ एक जैसा होता है लेकिन अपने जन्म से लेकर जलने तक के नौ दिनों के दौरान वह मीडिया की सुर्खियां जरूर बटोरता रहता है। कभी शहर के किसी खास क्षेत्र को ही रावण गली कहा जाता था क्योंकि रावण के सबसे ज्यादा पुतले वही बनते थे लेकिन समय के साथ रावण के जन्म स्थान का भी जमकर विस्तार हुआ है। अब शहर के कई इलाकों में छोटे बड़े आकार के सैंकड़ों रावण नजर आने लगे हैं। एक बार रावण कुनबे का आकार प्रकार तय हो जाने के बाद उनके जन्मदाता उनके अंदर आतिशबाजी लगाने का काम करते हैं क्योंकि रावण के जलने में असल मजा तो बम पटाखों का ही है। जब वह अपनी भयंकर कानफोडू आवाज और आंखों को चुंधिया देने वाली रोशनी यहां वहां बिखेरता है तो दर्शक उल्लासित होकर तालियां बजाने लगते हैं। एक तरह से इस आतिशबाजी, बम की आवाज और रंग-बिरंगी रोशनी के जरिए रावण अपनी ताकत का अहसास कराता है। आम लोग भी वहीं सबसे ज्यादा जुटते हैं जहां का रावण सबसे ज्यादा धूम धड़ाका करता है। यह दिखावा आम जिंदगी का फलसफा भी बनता जा रहा है मतलब जो जितना ज्यादा दिखावा कर सकता है उसकी उतनी ही ज्यादा पूछ होती है। फिर भले ही वह बुराइयों का पुतला ही क्यों न हो। शायद, यही वजह है कि इन दिनों किसी अपराध में पकड़े जाने पर भी नामी लोग शर्म से चेहरा छुपाने की बजाय 'विक्ट्री साइन' बनाते हुए जेल जाते हैं और मात्र जमानत मिलने पर उसके समर्थक ऐसा जलसा करते हैं जैसे वह जेल से नहीं बल्कि सरहद पर दुश्मन को धूल चटाकर लौट रहे हैं।

समाज में बढ़ती दिखावे की यह प्रवृत्ति उच्च वर्ग से मध्यम वर्ग तक बिल्कुल वैसे ही यत्र-तत्र-सर्वत्र फैलती जा रही है जैसे दशहरे पर रावण के पुतलों की संख्या। शायद समाज को अब अपने बीच बुरी प्रवृत्ति वाले लोगों की मौजूदगी खटकती नहीं है। यदि ऐसा होता तो हर चुनाव में दागी प्रत्याशियों की संख्या नहीं बढ़ती? बुराइयों के प्रति हमारी सहनशीलता इस हद तक बढ़ गई है कि नवरात्रि के दौरान हम कन्या को देवी मानकर पूजते हैं और बिना किसी तीखे विरोध के उनके साथ बलात्कार जैसी घिनौनी घटनाओं के साक्षी भी बनते हैं। यदि हमें बेहतर समाज का निर्माण करना है तो बुराइयों को विस्तार देने की बजाय इस प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। इसकी शुरुआत प्रतीकात्मक ही सही, रावण के पुतलों से की जा सकती है क्योंकि दशानन को हम जितना मजबूत और लोकप्रिय बनाकर समाज में उसकी स्वीकार्यता बढ़ाते जाएंगे उससे जुड़ी बुराइयां भी समाज में उतनी ही गहराई से जड़ जमाती जाएंगी।

(लेखक आकाशवाणी भोपाल में समाचार संपादक हैं।) यह उनके विचार हैं।

# स्वच्छता से संपन्नता' मंत्र को मजबूत करता 'स्वच्छ भारत संकल्प'

सुरेश पचौरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने 'स्वच्छ भारत' का सपना देखा था और इस सपने को पूरा करने का काम किसी और ने नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उनके इस आह्वान के पीछे अधिकांश देशवासियों ने खड़े हो कर एक सशक्त नेतृत्व के प्रति आस्था ही प्रकट की है। भारत स्वच्छ हो इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 में गांधी जयंती 2 अक्टूबर को 'स्वच्छ भारत अभियान' को आरंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्ष में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना था। स्वच्छ भारत अभियान के लिए सफाई के लिए प्रतिवर्ष 100 घंटे के श्रमदान का लक्ष्य रखा जो बीते दस वर्षों में सफल अभियान बन गया।

दस वर्ष बाद 2 अक्टूबर 2024 को जब हमने पीछे पलट कर देखा तो पाया कि 'स्वच्छ भारत' संकल्प एक 'जन-आंदोलन' बन चुका है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी का यह कहना महत्वपूर्ण है, 'विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा। स्वच्छ भारत मिशन की ये यात्रा करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।÷ आज हम कह सकते हैं कि अपने तरह की कई विशि?ट पहल के बीच 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी सरकार द्वारा चलाया गया सबसे अहम् स्वच्छता अभियान है। बीते 10 साल में भारतीयों ने इस मिशन को अपनाया, अपना लक्?य बनाया तथा सफाई की प्रवृत्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। यह तथ्?य उत्साह से भरता है कि भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी जी के जन्मदिन (17 सितंबर) से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक ÷सेवा पखवाड़ा÷ आयोजित किया। इस अवधि में नगर, गांव, गली, मोहल्लों, मजरों, चौपालों समेत सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य किए गए। 'सेवा पखवाड़ा' के 15 दिनों में देशभर में लगभग 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए जिनमें लगभग 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

स्वच्छ भारत मिशन के असर को आंकड़ों के आईने में देख लेना चाहिए। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के संयुक्त अध्ययन ने बताया है कि स्वच्छ भारत मिशन से हर वर्ष 60 से 70 हजार बच्चों का जीवन बच रहा है।स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय बनाए जाने से उनके पढ़ाई छोड़ देने की दर में भी गिरावट आई है। बच्चों के लिए कार्य कर रहे अंतरराष्ट्रीय संगठन यूनिसेफ की एक और स्टडी के मुताबिक स्वच्छता के कारण गांव के परिवार के हर साल इलाज पर होने वाले खर्च में से औसतन



50 हजार रुपए बच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को जन आंदोलन बनाने में मध्य प्रदेश की भी अपनी महती भूमिका है। जनता और सरकार के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है कि व्यक्तिगत शौचालय, सार्वजनिक शौचालय सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन आदि आयामों में स्वच्छता आंदोलन को नई गति मिली है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2023 में श्रेष्ठ राज्य के रूप में देशभर में दूसरे स्थान की रैकिंग प्राप्त की है। इस वर्ष राज्य के 6 शहरों ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर पिछले 7 वर्षों से पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर के रूप में पहला पुरस्कार प्राप्त कर रहा है। शहर को स्वच्छ रखने में नागरिकों का बोध प्रशासनिक दायित्व से आगे है। कार्बन क्रेडिट से राशि अर्जित करने वाला इंदौर देश का पहला शहर है। प्रधानमंत्री के इस स्वप्न को पूरा करने में मध्य प्रदेश भाजपा और इसके देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। प्रदेश भाजपा ने भी अपने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन का उल्लास से बड़े स्तर पर मनाने के लिए उनके जन्मदिन 17 सितंबर से ÷सेवा पखवाड़े÷ की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त जी शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव तथा संगठन महामंत्री हितानंद जी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़े के तहत पीएम मोदी जी के जन्मदिन पर प्रदेश में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। स्कूलों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। पीएम मोदीजी के व्यक्तित्व और उपलब्धियों पर 15 दिनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक पौधरोपण अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इन सभी अभियानों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी की और अपने प्रेरक नेता प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति अपनी अगाध आस्था का प्रदर्शन किया।

एक तरफ सेवा पखवाड़ा और दूसरी तरफ संगठन पर्व, भाजपा ने सेवा से संगठन निर्माण का अद्भुत कौशल विकसित किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा ने संगठन पर्व के पहले चरण में अपना लक्ष्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा कर लिया है। अब तक मध्यप्रदेश में एक करोड़ 16 लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं। इतने कम समय में 1 करोड से अधिक सदस्य बनाना प्रदेश के कार्यकर्ताओं की कर्मठता और संगठन निष्ठा और जनता में भाजपा की स्वीकार्यता को दर्शाता है। संगठन पर्व का द्वितीय चरण 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा और विश्वास है कि डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य से आगे निकलकर इतिहास म प्र में बनेगा।इस अभियान में चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों, व्यापरिक संगठनों के साथ बुद्धिजीवियों, वरिष्ठ एवं विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों सहित समाज में महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले लोगों को प्राथमिकता से भाजपा का सदस्य बनाया जाएगा। यह पार्टी की लोकप्रियता का ही परिणाम है कि मात्र 24 दिनों मे ही 1 करोड़ 81 हजार 437 सदस्य बनाकर इतिहास रचा गया। लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। तथ्य है कि संगठन पर्व के दौरान 95 लाख ऑनलाइन फॉर्म भरे गए। अभी भी सदस्यता का अभियान जारी है और भाजपा के परिवार में सदस्यों के जुड़ने का सिलसिला चलता रहेगा।

'सेवा पखवाड़ा' और 'संगठन पर्व' में जनता की भागीदारी ने दिखला दिया है कि भाजपा की स्वीकार्यता कितनी गहरी है। पार्टी की इस स्वीकार्यता के नैपथ्य में यशस्वी व तेजस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जन आस्था और जन समर्थन प्रमुख आधार है। देश में जब मोदी जी जैसा सशक्त, स्पष्ट और सुदृढ़ नेतृत्व मिला तो जनता ने उसके प्रति भरपूर समर्थन, निष्ठा और सहयोग दिखाया है। भाजपा का विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरना महज संयोग नहीं है। इसके पीछे पीएम मोदी जी का चमत्कारी नेतृत्व एवं भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा है। ऐसा नेतृत्व जिस पर पूरे देश की अधिकांश जनता ने भरोसा किया है। महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर खड़ी भाजपा पार्टी को प्रधानमंत्री मोदी जी जैसा दूरदर्शी और अभूतपूर्व नेतृत?व मिला है। मोदी जी के सानिध्य में पूरी भाजपा और पूरा देश सक्षम, समर्थ और सुदृढ़ हो कर विश्व गुरु के सिंहासन पर आरूढ़ हो गया है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विश्वास' को ध्येय वाक्य मानकर भारत को विकास का विजन देने का संकल्प लिया है।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)

### डीएपी की जगह एनपीके के उपयोग की जानकारी से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराए

# कृषि मेला एवं किसान खेत पाठशाला का व्यापक प्रचार प्रसार करें : अपर आयुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



कृषि विभाग जिले में आयोजित किए जाने वाले कृषि मेलो एवं किसान खेत पाठशाला का व्यापक प्रचार प्रचार करें, जिससे किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। कृषि मेले में श्री अन्न मिलेट का भी प्रदर्शन किया जाता है इसकी जानकारी से भी कृषकों को अवगत कराया जाए। किसानों को श्री अन्न का उत्पादन लेने के लिए प्रेरित किया जाए। उक्त निर्देश बुधवार को नर्मदापुरम संभाग के अपर आयुक्त आरपी सिंह जादौन ने कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, मार्कफेड, जिला मत्स्य विभाग, जिला उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग की संभागीय मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

अपर आयुक्त ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी गण डीएपी खाद की जगह एनपीके के उपयोग की जानकारी से जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराए। उन्होंने सहकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें शासन द्वारा तहसीलदार की शक्ति दी गई है अतः वे रिकवरी के गति बढ़ाएं। उन्होंने जिला मत्स्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मत्स्य किसानों के केसीसी शत प्रतिशत बनाने का लक्ष्य पूरा करें। जिला उद्यानिकी विभाग की उपसंचालक रीता उइके को निर्देश दिए कि वह जिले के किसानों को बाराबंकी जिले के नवाबगंज तहसील के ग्राम दौलतपुरा ग्राम के उद्यानिकी फार्म का भ्रमण अवश्य कराए उल्लेखनीय है कि जिले के किसान लखनऊ का भ्रमण करने वाले हैं। अपर आयुक्त ने निर्देश दिए कि लखनऊ के साथ ही बाराबंकी का भी भ्रमण किसानों को कराया जाए। बैठक में अपर आयुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों के बीच फसलों की नई किस्म का डिमांडटेशन अवश्य करें, साथ ही डिमांडटेशन की जानकारी से कृषकों को अवगत कराने के लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। अपर आयुक्त ने रबि सीजन के आगामी कार्यक्रम की जानकारी लि और कहां की किसानों के बीच फसल की नई किस्मों का डेमो प्रदर्शन हर बार प्राथमिकता से किया जाए। बताया गया कि इस वर्ष पूसा अरहर 16 का डिमाडटेशन किया गया है, यह 4 महीने में पक जाने वाली क्राफ्ट है। साथ ही इस बार कुछ किसानों ने इसे लगाया है।

अपर आयुक्त ने निर्देश दिए की नई क्राफ्ट के किस्म की सफलता की कहानी अनिवार्य रूप से बनाई जाए और इसका भी व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग रबि एवं खरीफ में दिए गए लक्ष्य के विरुध कितने लक्ष्य को पूरा किया है, उसकी जानकारी से अनिवार्य रूप से अवगत कराए। बताया गया की दलहनी फसल मूंग उड़द चना अरहर का बीज कृषि विभाग द्वारा अनुदान में किसानों को दिया जाता है, साथ ही पंपसेट भी अनुदान में उपलब्ध कराया जाता है। बताया गया कि आगामी दिनों में पचमढ़ी महोत्सव के दौरान पचमढ़ी में फूड फेस्टिवल एवं कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा, जहां पर श्री अन्न मिलेट् अर्थाथ मोटा अनाज का प्रदर्शन किया जाएगा और किसानों को श्री अन्न लगाने के लिए सभी जानकारी मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के संबंध में जानकारी ली। अपर आयुक्त ने जिले में फसल नुकसानी की स्थिति जानी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में फसल नुकसान नहीं है, साथ ही मांग के अनुसार यूरिया की रैंक आते रहती है। डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग करने की समझाइए किसानों को दी जा रही है। बताया गया कि नगद खाद्य वितरण केंद्र में इस बार काउंटर बढाये जाएंगे।

अपर आयुक्त ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की, सहकारी संस्थाओं में फर्टिलाइजर की उपलब्धता की स्थिति को अधिकतम रखा जाए तथा उन्होंने धारा 84 में डिफॉल्टर लोगों से रिकवरी करने के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए और कहां की रिकवरी की गति बढ़ाई जाए। अपर आयुक्त ने कहा कि न्यूनतम वसूली से पहले शुरुआत करें क्योंकि न्यूनतम वसूली आसान है। बताया गया की नर्मदापुरम जिले में 6 सहकारी समिति में जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाने हैं, जिसके लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। अपर आयुक्त ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान मशरूम यूनिट, ग्रीनहाउस स्ट्रक्चर , पाली हाउस, प्लास्टिक मंचीन आदि के समीक्षा की। बताया गया कि विभाग द्वारा धनिया बीज पर कृषकों को अनुदान दिया जाता है। दो हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को सीड भी प्रदान की जाती है। अपर आयुक्त ने मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की केसीसी में दिए गए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जाए। बताया गया कि नर्मदापुरम जिले में पुराने फार्मर है जो मछली पालन कर रहे हैं। साथ ही शासकीय हैचरी है जो चालू कंडीशन में है। अपर आयुक्त ने पशु पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की सभी पशु स्वास्थ्य केंद्र संस्थाएं नियमित समय पर खुल रही है कि नहीं इसकी संबंधित अधिकारी रैंडमली चेकिंग करें। बताया गया की 1962 एम्बुलेंस चलित पशु चिकित्सा इकाई तीनों जिलों में सक्रिय है, इसमें बहुत ही नॉमिनल शुल्क लेकर पशुओ का उपचार किया जाता है। बीमार पशुओं का उपचार करने एवं देखने के लिए एंबुलेंस घर तक आती है। अपर आयुक्त ने निर्देश दिए की पशु एंबुलेंस का अधिक से अधिक व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

## वन विभाग के कर्मचारियों ने की रेंजर के खिलाफ हड़ताल



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

वन परिक्षेत्र के वनरक्षक और डिप्टी रेंजरो ने रेंजर के खिलाफ बुधबार से मेंर्चा खोल दिया है वन विभाग के सभी कर्मचारी और अधिकारी अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गए हैं और रेंज ऑफिस के सामने ही धरने पर बैठ गए आपको बता दें कि मंगल बार के दिन लगभग 31 कर्मचारी और अधिकारियों ने अपना-अपना बस्ता सिवनी मालवा वन विभाग के कार्यालय में जमा कर दिया था। वन विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों ने मंगलवार तक आश्वासन दिया था कि सिवनी मालवा रेंजर पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मजबूरन में कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल पर जाना पड़ा। वन विभाग के कर्मचारीयों ने बताया की हम विगत तीन सालों से रेंजर सुश्री वंदना महतो की प्रताड़ना से काफी आहत हुए हैं। कर्मचारियों की बस एक ही मांग है कि सिवनी मालवा की रेंजर के ऊपर कार्यवाही कर उनका स्थानांतरण किया जाए जब तक उन पर कार्रवाई नहीं होती है तब तक हमारा धरना आंदोलन जारी रहेगा। वन विभाग के धरना प्रदर्शन पर पटवारी संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी ने पहुंच कर अपना समर्थन दिया वहीं सचिव संघ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अधक्ष उमेश सिंह जाट वरिष्ठ किसान नेता जगदीश पाटील ने भी अपना समर्थन दिया।

## शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत बालिकाओं का मार्शल आर्ट प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास द्वारा बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से संपूर्ण प्रदेश में 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसका कैलेंडर अलग से जारी किया गया है। जिले में प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर बालिकाओं को आत्मरक्षा मार्शल आर्ट जूडो कराटे एवं ताइक्कांडो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण 15 से 20 दिवसीय होगा। इटारसी में यह प्रशिक्षण खेल प्रशिक्षक अश्वनी मालवीय के सहयोग से शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूखा सरोवर पुरानी इटारसी परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें 50-50 बालिकाओं के बैच तैयार किया जाकर विकासखंड स्तर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षक कुमारी आशी अहिरवार एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती सपना लोचकर के सहयोग से बालिकाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

## युवा उत्सव की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में युवा उत्सव 2024 - 25 की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के युवा उत्सव प्रभारियों की उपस्थिति रही ।युवा उत्सव में लगभग 22 विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय ,जिला, विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर होता है । महाविद्यालय स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन17 ,18 और19 अक्टूबर को जबकि जिला स्तर पर 11 ,12 ,13 नवंबर को किया जाना है।प्राचार्य डॉ. अमिता जोशी की अध्यक्षता एवं जिला समन्वयक डॉ. हंसा व्यास के मार्गदर्शन में विभिन्न विधाओं के विषय सुनिश्चित किए गए और जिला स्तर पर विभिन्न महाविद्यालयों को विधाओं का वितरण किया गया । बैठक में डॉ. हर्षा चचाने ,डॉ. रागिनी सिकरवार, डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे,डॉ अनीता सेन, डॉ संतोष अहिरवार, डॉ योगेश खंडेलवाल,डॉ अनीता साकल्ले ,डॉ संध्या उपाध्याय ,श्रीमती सुषमा यादव श्रीमती शोभा मीना, दीपाली जैन शिवाकांत मौर्य स्वाति गुप्ता, श्रीमती ज्योति तिवारी डॉ सविता शिवहरे,श्रीमती प्रेमलता पाटिल, श्री मनोज कुमार प्रजापति, एवं डॉं मालती पटेल उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत शैल को प्लास्टिक मुक्त एवं नशा मुक्त मॉडल ग्राम बनाने की अपील

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार के नेतृत्व में ग्राम शैल को मॉडल ग्राम बनाने के लिये रैली निकालकर एवं घर घर जाकर ग्रामीणों से अपील की गई। ग्राम में साफ सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने एवं ग्राम को नशा मुक्त करने के लिये रैली का अयोजन किया गया जिसमें प्रशासनिक अमले के साथ ही ग्रामीणों ने भी भागीदारी की। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान विगत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मनाया गया है। सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम के नेतृत्व में सभी पंचायतों में इस अभियान का फॉलोअप किया जा रहा है ताकि अभियान के दौरान की गई साफ सफाई की निरंतरता बनी रहे, इसी तारतम्य में आज ग्राम शैल में सरपंच नीलेश गौर के द्वारा रैली एवं घर घर संपर्क कर समझाईश देने का कार्य प्रारंभ किया गया। रैली में जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार, ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर, सरपंच नीलेश गौर, सचिव भारती गौर, सहायक सचिव प्रेमलता राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुलिका चौहान, सुलोचना गौर आंगनवाड़ी सहायिका ज्योति बामने क्षमा बरखने ग्राम से अनुराग पटैल, श्रीलाल, सतीश गौर, विजय सिंह ठाकुर, घनश्याम बरखने, पवन गौर, ओमप्रकाश गौर, अजय दुबे, बसंत मेहरा, बदामी लाल साध सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे यूनियन के महामंत्री अशोक शर्मा बुधवार रेल्वे स्टेशन पहुचे, जहाँ उनका यूनियन द्वारा भव्य स्वागत किया गया।,संगठन सचिव विकास कश्यप,ने रेल्वे,स्टेशन पर पुष्पगुच देकर उनकी अगुवाई की, इसके बाद पाचो शाखाओं की क्लास से इटारसी के कॉर्डिनेटर ,कुंदन अगलावे ,महाकाल कश्यप ,नितिन ओंकार ,आर के श्रीवास्तव ,मनीष सक्सेना ,गुलाब सरोदे,युगेश,प्रीतम तिवारी, ,मुजफ्फरपुर खान,सुनील लोवंशी,के इटारसी के सैकड़ो युवाओं ने भव्य स्वागत किया।

## 38वी राष्ट्रीय सब जूनियर बालक चैंपियनशिप

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



38 वी राष्ट्रीय सब जूनियर बालक चैंपियनशिप जो की 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले के दो बालक हर्ष गौर और पीयूष पाठक ने भाग लेकर मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश टीम के कोच ऑस्कर एरिन् मोजीस ने बताया कि दोनों खिलाडी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित हैंडबॉल सेंटर जो की सेमेरिटेंस सीनियर सेकेंड्री स्कूल प्रांगण मै कई वर्षो से संचालित किया जा रहा है मै नियमित अभ्यास करते है। खिलाड़ियों की वापसी पर सुश्री उमा पटेल जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम श्री आशुतोष कुमार शर्मा, डायरेक्टर सेमेरिटेंस ग्रुप, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खम्परिआ, जिला हैंडबॉल एसोसिएशन सचिव एवं सभी हैंडबॉल प्रेमियों ने खुशी जताई एवं आगे आने वाली प्रतियोगिताओ के लिए बधाई ओर आशीर्वाद व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश टीम ने फाइनल मुकाबले मै दिल्ली को 37-26 से हराकर श्री प्रीतपाल सिंह सलूजा सचिव मध्य प्रदेश हैंडबॉल असोसिएशन के नेतृत्व मै इस मैडल को प्राप्त किया है। पिछले कई वर्षो से लगातार जिले के हैंडबॉल खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं मै कई मैडल प्राप्त किये है। आगे भी सभी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना कर हौसला बढ़ाया है।

## नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी मैदान और वीर सावरकर मैदान में रामलीला का आयोजन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



वृंदावन के श्री बालकृष्ण लीला संस्थान के कलाकारों ने बुधवार को दशरथ मरण, भरत मिलाप, केवट-राम संवाद, भगवान के चित्रकूट विश्राम, ऋषियों से मिलन और फिर पंचवटी विश्राम की लीला का मंचन किया। नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी मैदान और पुरानी इटारसी के वीर सावरकर मैदान में रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। यहां श्री जगदंबा मंडल मैहर के कलाकारों द्वारा आज भगवान श्रीराम को वनवास, केवट संवाद, चित्रकूट निवास, सीताजी को अनुसुईया जी का उपदेश और पंचवटी निवासी की लीला की गई। गांधी मैदान में आज रामलीला के अन्य प्रसंगों में पुत्र मोह के कारण राजा दशरथ का शरीर त्यागना, भरत जी का रामजी को मनाने के लिए चित्रकूट जाना और प्रभु श्री राम का भरत को चरण पादुका देकर वापस भेजने के भावात्मक मंचन ने लोगों को भावुक कर दिया। वनवास के समय भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी सरयू किनारे जाते हैं और वहां केवट से अपनी नाव में बिठाकर सरयू पार कराने को कहते हैं। इस दौरान केवट और श्रीराम के मध्य संवाद होता है।

इसके बाद श्रीराम लक्ष्मण और सीता सरयू पार करके चित्रकूट पहुंच जाते हैं। अयोध्या में श्रीराम के वियोग में महाराजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं, जब भरत और शत्रुघ्न को राम के वनगमन और दशरथ की मृत्यु का समाचार मिलता है तो वे वापस अयोध्या आते हैं और कैकई को भला-बुरा कहते हैं। तीनों माताओं के साथ गुरु वशिष्ट, मंत्री सुमंत और शत्रुघ्न के साथ चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते हैं, जहां भरत से श्रीराम का मिलाप होता है। मनाने के बाद भी श्रीराम के नहीं लौटने पर भरत श्रीराम के खड़ाऊ सिर पर धारण कर अयोध्या वापस लौट जाते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### नवरात्रि-दशहरा उत्सव के अंतर्गत जयस्तंभ चौक पर प्रतियोगिता

# सागर के शेर और सरस्वती ढोल पार्टी ने जमाया रंग



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नवरात्रि और दशहरा उत्सव के दौरान परंपराओं को जीवित रखने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा कुछ महत्वपूर्ण आयोजन भी किये जाते हैं। इसी के अंतर्गत आज जयस्तंभ चौक पर शेर नृत्य और ढोल प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतियोगियों को नगद पुरस्कार मिलता है।


इस प्रतियोगिता में सागर के शेर विशेष आकर्षण का केंद्र रहते हैं। आज भी नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे के संयोजन में नगर पालिका द्वारा राज्य स्तरीय ढोल एवं शेर नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कई ढोल पार्टियों एवं शेर बनकर कलाकारों ने धमाल किया। ढोल प्रतियोगिता में ढोल पार्टियों ने ढोल वादन एवं शेर नृत्य में सागर की शेर पार्टी ने नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह में टीआई गौरव सिंह बुंदेला, नगर पालिका सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, राहुल प्रधान, अमित विश्वास, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल, पत्रकार अनिल मिहानी सहित अन्य पार्षद एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

### शेर नृत्य प्रतियोगिता

शेर नृत्य प्रतियोगिता में इटारसी के गांधीनगर, नई गरीबी लाइन और 12 बंगला के 31 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सागर के शेरों को प्रथम, नई गरीबी लाइन के विनायक चौकसे को द्वितीय और गांधीनगर के संकल्प मौर्य को तृतीय पुरस्कार मिला।

### ढोल प्रतियोगिता के परिणाम

ढोल प्रतियोगिता में सरस्वती ढोल पार्टी मेहरागांव को प्रथम, साईं ढोल पार्टी को द्वितीय और अमरोही ढोल पार्टी नाला मोहल्ला को तृतीय पुरस्कार मिला। आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि नगर पालिका द्वारा लुप्त हो रही शेर परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए यह आयोजन किया। सभापति राकेश जाधव ने शेर नृत्य की लुप्त हुई परंपरा को पुन~जीवित करने एवं ढोल प्रतियोगिता को निरंतर कराने पर नपा अध्यक्ष एवं परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोग भले ही यह कहें कि यह फिजूलखर्ची है, लेकिन विलुप्त हो रही परंपराओं को जीवित रखना भी शहर का ही कर्तव्य है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देना जरूरी है। संचालन पार्षद राहुल प्रधान ने किया।





**सिवनी मालवा।** शहर में इन दिनों नवरात्रि की धूम है नगर की धर्म प्रेमी जनता भक्ति के साथ शक्ति की आराधना में लगी हुई हैं। बीती बुधवार की रात 12 बजे राही चौक पर विराजी काली जी के दरबार में कालरात्रि की महाआरती कर 56 भोग का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोग उपस्थित थे। तो वही जेल रोड पर विराजी दुर्गा माता के दरबार में भी देर रत तक भजन कीर्तन चलता रहा।

# पटाखा दुकानों के लिए अस्थायी अनुज्ञप्तियां ऑनलाईन स्वीकार होंगी

## आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि का निर्णय संबंधित एसडीएम स्तर पर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



विदिशा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने जिले में दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय के अस्थायी लायसेंस जारी करने हेतु संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि फुटकर आतिशबाजी विक्रय के अस्थायी लायसेंस जारी करने के दौरान विस्फोटक नियंत्रक उपमुख्य के द्वारा एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन कराया जाना सुनिश्चित हो।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा दीपावली वर्ष 2024 में फुटकर आतिशबाजी विक्रय के अस्थायी लायसेंस के लिए संबंधित आवेदकों को ऑन लाइन पोर्टल एमपी ई सर्विस पोर्टल ीजजचेरूध्ध्मेतअपबमे.उच.हवअ.पद लिंक के माध्यम से नियत तिथि तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे। विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा ने बताया कि अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत लायसेंस आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर नियत की गई है। पटाखा के अस्थायी लायसेंस में पिछ्ले वर्ष जिन व्यक्तियों को अस्थायी लायसेंस जारी किए गए थे।

उनको प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि दुकानो हेतु स्थान का चयन व पूर्व मे ही सभी आवश्यक व्यवस्थाये कर ली जावें तथा स्थल का नजरी नक्शा व ले आउट भी तैयार कर ले, ताकि अनुज्ञप्तिधारियों को दुकान आवंटित करने में अनावश्यक परेशानी न हों। आपके द्वारा चयनित स्थानों की सूची तीन दिवस में इस कार्यालय को भेजे। आवेदक की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जॉच के दौरान आयु सत्यापन स्कूली प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज से किया जा सकता है। आवेदक अत्यंत वृद्ध व मूक-बधिर न हो। आवेदक जिस स्थान पर विक्रय की अनुमति चाहता है वह उस नगर, ग्राम का निवासी होना आवश्यक है। किसी भी हाट बाजार में आतिशबाजी का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित होगा । आवेदक के चरित्र। आपराधिक रिकार्ड संबंधी जांच संबंधित थाने से करायी जावे व थाना प्रभारी का स्पष्ट अभिमत लिया जावें । विस्फोटक नियम 2008 के नियम 86 के अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त दो आतिशबाजी की दुकानों के मध्य आवश्यक सुरक्षा की दूरी तीन मीटर व रहवासी इलाके से 15 मीटर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी रखी जावें ।

उक्त अस्थायी दुकाने एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होना चाहिये । आतिशबाजी को सुरक्षित, अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जावें। आतिशबाजी विक्रय स्थान, दुकानों के 50 मीटर के अन्दर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। सुरक्षा दूरी के अन्दर एवं दुकानों में प्रकाश हेतु किसी प्रकार का तेल लेम्प, गैस लेम्प एवं खुली बिजली बत्तीयों का प्रयोग नहीं होगा। बिजली के खुले तार आदि न हो । मास्टर स्वीच से फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिये ताकि शार्ट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वतः ही बन्द हो जायें। आतिशबाजी विक्रय स्थल पर धूम्रपान करना व माचिस आदि रखना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा तथा सफाई कर्मियों को भी निर्देशित किया जावे की वह आतिशबाजी विक्रय स्थल व उसके आस-पास कचरे आदि को न जलायें । अग्नि दुर्घटना आदि की स्थिति में सुरक्षा हेतु फायर बिग्रेड, पानी के टैंक आतिशबाजी विक्रय स्थल के पास होना एवं प्रत्येक दुकानदार को अपनी दुकान के सामने पर्याप्त रेत थेला बोरा, अग्निशमन यंत्र को भरकर रखने के निर्देश, पाबंद किया जावे।

अनुज्ञप्ति प्रारूप एलई- 5 में उल्लेखित अनुसार ही सामग्री का रखरखाव व विक्रय किया जावे एवं अनुज्ञप्ति की शर्तों का पालन कराया जावें। आतिशबाजी विक्रय स्थान पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था (पुलिस व्यवस्था) भी सुनिश्चित करें। अस्थायी अनुज्ञप्ति एक व्यक्ति को एक ही स्थान के लिये जारी की जावेगी और वह अनुज्ञप्ति में उल्लेखित विक्रय स्थान के अलावा अन्य स्थान, ग्राम, नगर में विक्रय नहीं करेगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, उचित मूल्य दुकानों का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने भ्रमण कर अनुपस्थितों के खिलाफ कार्यवाही के दिए निर्देश






सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को गुलाबगंज तहसील क्षेत्र में भ्रमण कर शिक्षा, स्वास्थ्य, उचित मूल्य दुकानो के माध्यम से वितरित होने वाले खाद्यान्न एवं यूरिया वितरण तथा गौ-शाला का निरीक्षण किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान शासन की मंशा के अनुरूप तमाम कार्य समय सीमा में पूरे करने, रिकार्ड अपडेट रखने तथा क्षेत्र के हितग्राहियों को नवाचारो के माध्यम से शीघ्र हितलाभ मिले के प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन और जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर को दिए है। उन्होंने खण्ड स्तरीय अधिकारियों और जिलाधिकारियों को टीम वर्क की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि स्वयमेव संज्ञान में लाकर निराकरण की पहल करें ताकि समस्या विकट रूप धारण ना कर पाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने गुलाबगंज के शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, सुव्यवस्थित रूप से संधारित नहीं करने, अनुपस्थित शिक्षक के संबंध में अवकाश आवेदन प्राप्त ना होने पर संबंधित शिक्षक का वेतन काटने और प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रावासी बच्चे अध्ययन हेतु नहीं आने पर गंभीरता से लेते हुए उन्होंने छात्रावास अधीक्षक और शिक्षकों को संयुक्त रूप से जबावदेही सौंपी है और छात्रावासी सहित अन्य सभी विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो कि पहल करने के निर्देश देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का जायजा लिया और उन्हें हर रोज विद्यालय आने, अपना परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अभिप्रेरित किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा दसवीं में पहुंचकर विद्यार्थियों को गणित की कराई जा रही पढाई के संबंध में संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पाइथागोरस प्रमेय के संबंध में पूछताछ करने पर छात्रा कुमारी राधिका कुशवाह ने अविलम्ब पूछे गए गणितीय प्रश्नो का हल कर अवगत कराया। छात्रा की गणितीय जिज्ञासा को देखते हुए कलेक्टर ने शाबासी देते हुए कहा कि बेटा ठीक से पढाई करना तुम आगे चलकर गणित के क्षेत्र में अपना एवं परिवार का नाम रोशन करना। कलेक्टर श्री सिंह ने गुलाबगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य का भी निरीक्षण किया। यहां मरीजो से संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की प्राप्ति के संबंध में जानकारियां प्राप्त की गई। उन्होंने निर्माणाधीन भवन के कार्य का भी अवलोकन करते हुए प्रवेश द्वार को चौड़ा करने के निर्देश दिए। ताकि एम्बुलेंस सीधे अस्पताल परिसर के अन्दर सीधे गेट तक पहुंच सकें। मौके पर मौजूद बीएमओ के द्वारा क्रियान्वित स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारियों से अवगत कराया है। कलेक्टर श्री सिंह ने गुलाबगंज में संचालित प्रधानमंत्री गौ-सेवा योजना के तहत ग्राम रकौली में संचालित गौ-शाला का भी निरीक्षण किया। गौ-शाला में किए गए प्रबंधो पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कलेक्टर ने चारा के लिए आवंटित भूमि पर चारा उत्पादन के संबंध में आवश्यक चर्चा करते हुए सचिव को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने गुलाबगंज में संचालित निजी बालाजी कृषि सेवा केन्द्र के माध्यम से किसानो को प्रदाय किए जा रहे खाद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानो को किन-किन दस्तावेंजो के आधार पर कैसे खाद दिया जाता है तथा ऑन लाइन इन्ट्री कैसे करते है के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दुकान संचालक श्री वीरेन्द्र चौकसे को निर्देश दिए कि विक्रय पदार्थो के दामों का प्रदर्शन दुकान के समक्ष किया जाए साथ ही जिन किसानो को खाद का वितरण किया जा रहा है उन्हें नियमानुसार तय मात्रा के अनुसार ही प्रदाय करें।

### स्कूल व आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्री सिंह ने इससे पहले ग्राम कुंआखेडी के स्कूल व आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया इसी प्रकार ग्राम वनजागीर में भी आंगनबाडी केन्द्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं सहकारी समिति का निरीक्षण कर भण्डारित खाद्यान्न, वितरित खाद्यान्न के साथ-साथ किसानो को प्रदाय किए जाने वाले यूरिया की जानकारी प्राप्त की। वन जागीर में संचालित आंगनबाडी केन्द्र में नीति आयोग के माध्यम से बच्चो को पढाने के लिए किए गए प्रबंधो का भी कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया वहीं बच्चो को परोसा जाने वाला नाश्ता के रूप में हलवा को भी चखा है। यहां विद्युत वायरिंग को ठीक कराने तथा ग्राम में साफ सफाई व दूषित जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु पंचायत सचिव को निर्देश दिए है।

### लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत वन जागीर के सचिव बलवीर सिंह किरार अनुपस्थित पाए जाने पर फोन पर बुलवाने के निर्देश दिए। इसके बावजूद उपस्थित नहीं होने पर के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। इसी प्रकार शालाओं के निरीक्षण के दौरान शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कुंआखेडी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलाबगंज में अनुपस्थित पाए गए शिक्षको, अवकाश संधारण करने में लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है।

# पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में हुआ देवी जागरण



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



शारदीय नवरात्रि के दौरान मंगलवार रात्रि में देवी जागरण का आयोजन किया गया। नगर के मुख्य बाजार के चांदनी चौक में आयोजित हुए कार्यक्रम में इंदौर से पहुंची कलाकारों की टीम ने देर रात तक सुमधुर भजनों से देवी मां की आराधना की। शक्ति की आराधना के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मां वैष्णो बाल मंडल गणेश पथ के सदस्यों द्वारा विशाल भगवती जागरण का यह आयोजन मां महामाई के अनन्य भक्त पंडित स्व.श्री लक्ष्मीकांत जी शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। रात करीब दस बजे इंदौर की प्रसिद्ध भजन गायिका नैना तोड़ावत एवं विपिन नामदेव के मंच पर आने के बाद भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना कर किया गया। इसके उपरांत एक से बडकर एक सुमधुर भजनों से परिसर मंत्रमुग्ध रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं युवाओं ने देवी भजनों पर गरबा नृत्य भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भरतदीप मेहता,गोपाल प्रसाद शर्मा एवं सरसिज शर्मा ने समिति के सदस्यों के साथ देवी मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। इसके उपरांत वाद्य यंत्रों एवं भजन गायिकाओं कलाकार का स्वागत माता की चुनरी उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर आयोजक टीम द्वारा आमंत्रित अथितियो का भी तिलक लगाकर चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव,वरिष्ठ पार्षद सचिन शर्मा,बलजीत यादव,नितिन शर्मा,मयंक सेन, सीकू सेन सहित समिति के सदस्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवरात्रि उत्सव में भारत माता की आरती के साथ स्वदेशी का संदेश

**सिरोंज।** नगर के पंचकुइया स्थित मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगाई गई मां दुर्गा की प्रकृति से जुड़ी सुंदर झांकी में मंगलवार को एक अलग ही नवाचार देखने को मिला। समिति द्वारा जहां प्रकृति संरक्षक का संदेश दिया जा रहा है, तो वही नवरात्रि के इस पावन पर्व पर महाआरती का आयोजन रखा गया था, जिसमें भारत माता की आरती के पश्चात स्वावलंबी भारत अभियान एवं स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी का भाव जागरण करते हुए हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग में लाने के लिए संकल्प दिलाया। इस दौरान स्वावलंबी भारत अभियान के चार विभाग पूर्णकालिक तरुण यादव ने एक अलग ही नवाचार करते हुए सर्वप्रथम मैया की आरती में शामिल हुए श्रद्धालुओं को भारत माता की आरती कराई, इसके पश्चात उन्होंने स्वदेशी वस्तुएं खरीदने एवं अधिक से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने भक्तों को कहा कि देश को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए हमें स्वदेशी वस्तुएं खरीदनी चाहिए। उन्होंने इस दीपावली त्योहार के दौरान स्थानीय स्तर पर निर्मित सामग्री खरीदने का आह्वान किया।



# आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही जारी



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**दुकानों का निरीक्षण कर सैंपल लेने की कार्यवाही की गई**

विदिशा कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विदिशा जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच निरीक्षण तथा सैंपल लेने की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में आज आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा शमशाबाद तहसील की खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य कारोबारकर्ता तरण स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेड़ा, बर्फी, नमकीन, रसगुल्ला आदि के सैंपल एकत्रित किए गए। इन सैंपल को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जांच उपरांत नमूना फेल पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार ना करें। खाद्य सामग्री को ढंक कर रखें तथा साफ-सफाई से खाद्य पदार्थों, मिठाइयों का निर्माण करें।

**मेट्रो एंकर**

## विधायक शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई बैठक

# रावण दहन उत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



नगर में दशहरा उत्सव को लेकर बुधवार को आयोजन की तैयारियों के संबंध में व्यवस्था संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई बैठक में नपा के जनप्रतिनिधियो, हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने अपने सुझाव भी दिए। बैठक में इस बार रावण दहन की प्रक्रिया रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि बारह बजे तक कार्यक्रम संपन्न होने पर भी सामूहिक सहमति बनी। जिससे अधिक संख्या में महिलाएं बच्चे रावण दहन का आनंद ले सकें।

पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाला दशहरा उत्सव स्थानीय तालाब प्रांगण में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं हिंदू उत्सव समिति की बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा की हमारे यहां दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता रहा है सनातन धर्म की इस परंपरा को हम सभी श्रद्धा भाव से आयोजित करते हैं। उन्होंने तालाब परिसर में आयोजित होने वाले उत्सव में रावण दहन देखने आने वाले नागरिकों की सुविधा और आवागमन में किसी प्रकार की दुर्घटना से प्रशासन को सचेत करते हुए वाहनों की उचित पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की। इस दौरान सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया गया की दशहरा मैदान में थाने के सामने से एवं स्थानीय बस स्टैंड से पहुंचने वाले दोनो मार्गो पर वाहनों का प्रतिबंध रहेगा। चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के लिए नवीन बस स्टैंड पर वाहनों की पार्किंग की जाएगी तथा वहा से नागरिकों को पैदल ही आयोजन स्थल की ओर प्रवेश दिया जाएगा। अनेक घटनाओं के मद्देनजर उन्होंने सख्ती के साथ सुरक्षा व्यवस्था के पालन करने के निर्देश प्रशासन को दिए। इसके अलावा दशहरा मैदान पर बनने वाले रावण मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के पुतलों एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रांगण में राम दरबार एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए बनने वाले मंच तथा उत्सव देखने आने वाली जनता जनार्दन के लिए उचित बैठने के इंतजामो की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा की नवरात्रि के प्रारंभ होने पर सुख समृद्धि के लिए बोए जाने वाले जवारो के विसर्जन की हमारी प्राचीन परंपरा है नगर के अनेक हिस्सों से यह जवारे बाजार से होते हुए हमारे स्थानीय तालाब में विसर्जित किए जाते ही इसके लिए उन्होंने तालाब में बने घाट को साफ स्वच्छ करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम सोनी ने सभी नागरिकों से दशहरा उत्सव में शामिल होने की अपील की है इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,रमेश यादव, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, एसडीओपी उमेश तिवारी, स्थानीय पार्षद सचिन शर्मा, नगर निरीक्षक संदीप पॉवर सहित प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### नपा प्रांगण में लगेगा मेला

बैठक के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा ने सभी पदाधिकारीयो के साथ पार्किंग स्थल एवं बच्चों की मनोरंजन की सामग्री के लगने वाले मेले के स्थान का भी अवलोकन किया। उन्होंने नगरपालिका के पास लगने वाली दुकानों को मुख्य सड़क से हटकर लगाने का सुझाव भी दिया जिससे आवागमन प्रभावित न हो इसके अलावा उन्होंने बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि लगवाने के निर्देश भी दिए।




# बचपन में पिता को खोया, खेतों में कड़ी मेहनत कर पूरे किए सपने

**नई दिल्ली . एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश की 23 वर्षीय महिला ताइक्कांडो खिलाड़ी रुपा बायोर का अभी तक का जीवन संघर्ष से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। इस मेहनत और लगन का इनाम उन्हें अब मिला है। रुपा ताइक्कांडो विश्व पूमसे रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वह टॉप-10 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। रुपा ने मौजूदा रैंकिंग हासिल करने के लिए तीन स्थान की छलांग लगाई है। इस उपलब्धि पर उन्हें अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

## मुश्किलों को दी मात

### परिवार की मदद के लिए खेत में काम किया

रुपा चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने कहा, मैं जब बहुत छोटी थी, तब मेरे पिता का देहांत हो गया था। मुझे तो उनकी शक्ल भी याद नहीं है। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी और भाई-बहन की जिम्मेदारी भी थी। ऐसे में बहुत कम उम्र से ही मैंने धान के खेतों में मां के साथ काम करना शुरू कर दिया था।

### चाचा ने प्रोत्साहित किया

रुपा ने कहा, मेरे चाचा कराटे मास्टर हैं। उन्हें मेरे अंदर काफी आक्रामकता दिखती थी। उन्होंने कहा कि यदि जिंदगी बदलनी है तो खेलना शुरू करो और अपने गुस्से को सही दिशा में इस्तेमाल करो। इस कारण मैंने ताइक्कांडो चुना। मुझे हमेशा लगता था कि मेरे अंदर एक खिलाड़ी बनने की योग्यता है।

### टीम इंडिया पहले नंबर पर कायम

# हार्दिक को टी-20 रैंकिंग में फायदा, बैटिंग में छलांग लगाई

**नईदिल्ली. एजेंसी**

आईसीसी टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में पूर्व भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या को फायदा हुआ है। ताजा रैंकिंग में उन्होंने बैटिंग में 7 और ऑलराउंडर रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाई है। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में 3 विकेट लेने वाले भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी फायदा हुआ है। भारतीय टीम आईसीसीस टी-20 टीम रैंकिंग में टॉप पर कायम है। सूर्या दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की ताजा टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। बल्लेबाजों की ताजा टी-20 रैंकिंग में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। बैटिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड इस लिस्ट में टॉप पर हैं। भारतीय बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 मैच में महज 14 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 29 रनों की दमदार पारी खेली थी।



### ऑलराउंडर रैकिंग में भी अव्वल

हार्दिक को 4 स्थान का फायदा हुआ टी-20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में हार्दिक पंड्या ने 4 स्थानों की छलांग लगाई है। इसके साथ अब हार्दिक 216 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। फिलहाल इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके अलावा दूसरे नंबर पर नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी मौजूद हैं। इसके अलावा हार्दिक से पीछे चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोयनिस बने हुए हैं। पहला मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम ने इस सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। अर्शदीप ने लगाई लंबी छलांग 6 अक्तूबर को ग्वालियर में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में अर्शदीप ने कुल तीन विकेट चटकाए थे। वे बॉलिंग रैकिंग में आठ स्थानों के फायदे के साथ एनरिक नॉर्खिया के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 16वें स्थान पर थे।

# शंघाई मास्टर्स टेनिस: सर्बियाई स्टार जोकोविच ने अंतिम-16 में बनाई जगह

### नोवाक ने 100वें खिताब की ओर बढ़ाए कदम

**शंघाई. एजेंसी**

रेकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लेम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाने के साथ ही अपने करियर के 100वें पुरुष एकल खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। जोकोविच ने यहां राउंड-32 के मैच में इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्लावियो कोबोली को 6-1, 6-2 से हराया। अब क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए नोवाक का सामना रोमन सेफिउलीन से होगा।

**तीसरे खिलाड़ी बनेंगे:** जोकोविच अगर शंघाई में खिताब जीतने में सफल रहते हैं तो वे 100 खिताब जीतने वाले तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। नोवाक से पहले रोजर फेडरर और जिम्मी कोनर्स यह कमाल कर चुके हैं। कोनर्स ने अपने करियर में 109 और फेडरर ने 103 खिताब जीते हैं। जोकोविच 2019 के बाद पहली बार शंघाई में खेल रहे हैं।



### मुल्तान टेस्ट का दूसरा दिन

## पाकिस्तान पारी में लगे 3 शतक

**मुल्तान. एजेंसी**

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 556 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पाक पारी में तीन शतक लगे। ओपनर अब्दुल्लाह शफीक (102), कप्तान शान मसूद (151) और आठवें नंबर पर उतरे सलमान आगा ने नाबाद 104 रन बनाए। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक 1 विकेट पर 96 रन बना लिए थे। इंग्लैंड की ओर से ओपनर जैक क्राउली 64 रन बना कर क्रीज पर हैं, जो रूट 32 रन बना कर उनके साथ निभा रहे थे। नसीम शाह ने इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के बैजबॉल ऐरा में दूसरी बार टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

## भारतीय अंडर-19 टीम के लिए हरवंश ने जड़ा शतक

**चेन्नई. एजेंसी**

हरवंश पंगालिया (117) की शानदार शतकीय पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने यहां दूसरे यूथ टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ अपनी पहली पारी में 492 रन बनाए। हरवंश से पहले नित्य पांडा ने 94, केपी कार्तिकेय ने 71, निखिल कुमार ने 61 और कप्तान सोहम पटवर्धन ने 63 रन बनाए। जवाब में दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने अपने 3 विकेट 142 रन तक गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब भी मेजबान से 350 रन पीछे है।



## मेट्रो बाजार

# ईपीएफओ में न्यूनतम पेंशन, बेसिक सैलरी लिमिट बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

केंद्र सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में बदलाव करने की तैयारी में है। सरकार ईपीएफ में न्यूनतम पेंशन को मौजूदा 1,000 से बढ़ा सकती है। साथ ही रिटायरमेंट के समय पेंशन फंड में से आंशिक विड्रॉल की फैसिलिटी भी दिए जाने का प्रस्ताव है। सरकार ईपीएफओ



को बैंकों के तर्ज पर खड़ा चाहती है। इसके लिए नियमों में बड़े बदलाव किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार चाहती है कि शादियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, बच्चों की शिक्षा के लिए आसानी से पैसे विड्रॉल की सुविधा ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से ही इजाजत दी जाए। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने अधिकारियों को रिटायरमेंट के समय विड्रॉल के नियमों को लचीला बनाने का सुझाव दिया है, जिससे सब्सक्राइबर्स बेहतर तरीके से फाइनेंशियल प्लानिंग कर सकें और पेंशन के तौर पर सालाना मिलने वाले रकम में बदलाव कर सकें। कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के नाम पर जो फंड राज्यों की ओर से वसूला जाता वह ऐसे ही पड़ा रह जाता है। मंत्रालय उस फंड को टैप करने पर विचार कर रहा है।

## आटा, मैदा और रवा हुआ महंगा, बेसन के दाम घटे

**इंदौर. एजेंसी**

कालीमिर्च की आपूर्ति का ऑफ सीजन चल रहा है और अभी पर्व-त्योहारों का समय भी चल रहा है जिसे देखते हुए इसकी कीमतों में तेजी आनी चाहिए थी लेकिन इसके विपरीत बाजार कुछ नीचे आ गया है। विदेशों से बढ़ते आयात तथा कमजोर घरेलू मांग के कारण पिछले दो सप्ताह के अंदर कालीमिर्च के दाम में 17 रुपए प्रति किलो की भारी गिरावट दर्ज की गई। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार कोच्चि के टर्मिनल मार्केट में विभिन्न देशों से आयातित 4422 टन कालीमिर्च का बड़ा भाग पहुंचने से कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है। गेहूं के दाम बढ़ने से आटा-मैदा और रवा के भाव बढ़ गए है। बेसन में गिरावट दर्ज की गई। वहीं स्टॉकिस्टों की बिकवाली बनी रहने से चने के भाव में गिरावट आई है। मिलों ने चना दाल के दाम 100 रुपए क्विंटल घटाएं। सूत्रों का कहना है कि चने में आगे और गिरावट देखने को मिल सकती है। मसूर की आपूर्ति कम होने से भाव में तेजी रही। मसूर दाल के दाम भी तेज बताए गए। इधर, देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी थोक मंडी में मांग कमजोर रहने से आलू के भाव में कमी आई।

## सरकारी बैंकों के मुनाफे में आ सकती है गिरावट

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय कंपनियों को सितंबर तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट्स आने शुरू हो गए हैं।आने वाले हफ्ते से इसमें तेजी देखने को मिलेगी जब टीसीएस, इरेडा, टाटा एलेक्सी, डीमार्ट और एशियन होटल्स जैसी कंपनियां अपने सितंबर तिमाही के नतीजे पेश करेगी। नतीजों के एलान से पहले ब्रोकरेज हाउस अपने-अपने अनुमान भी जारी कर रहे हैं। ऐसे ही एक अनुमान के तहत मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक रिपोर्ट में कहा कि दूसरी तिमाही के दौरान सरकारी बैंकों के मुनाफे में पहली तिमाही के मुकाबले हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।




### रिपोर्ट:सितंबर तिमाही नतीजों को लेकर अनुमान

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के साथ होता है भेदभाव, राधिका मदान ने कलाकारों को लेकर कही बात

अभिनेत्री राधिका मदान को कई बॉलीवुड फिल्मों में देखा जा चुका है। राधिका ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करने को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने कहा कि फिल्मों को लेकर बॉलीवुड में भाई भतीजावाद फैला हुआ है, जिनके माता पिता पहले से इंडस्ट्री में हैं, उनको अपनी फिल्मों को करने के लिए और चीजों को समझने के लिए कई फिल्में मिल जाती हैं। वहीं, इंडस्ट्री के बाहर के लोगों को एक गलती पर ही बाहर निकाल दिया जाता है। फिल्म अंग्रेजी मीडियम, सफीरा, पटाखा जैसी फिल्मों के कारण राधिका मदान को जाना जाता है। उनको सीखने के लिए 2-3 फिल्में और मिल जाती हैं कि अभी सीख जाएगा, अरे देखो सुधार है। हर दूसरी इंडस्ट्री की तरह यह यहां भी होता है। हालांकि, एक 'स्टार किड' को 2-3 फिल्मों में काम करने का फायदा होता है, भले ही उन्होंने इंडस्ट्री के बाहर के लोगों के साथ होता है अलग व्यवहार जो लोग पहले से इंडस्ट्री से संबंध नहीं रखते हैं। उनके साथ दूसरे तरह का व्यवहार होता है। इंडस्ट्री के बाहर से होने को लेकर राधिका मदान ने कहा, कि हम जैसे लोग जो इंडस्ट्री के बाहर से आते हैं, उनके साथ अलग व्यवहार होता है।



## खूबसूरती की मिसाल *रेखा*, सावन भादो से की थी अपने करियर की शुरुआत

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री रेखा के दर्शक क्या नेता और अभिनेता भी दीवाने हैं। रेखा का अभिनय, डांस और अदाएं हर किसी को पसंद है। यही वजह है कि रेखा आज भी सभी की पसंदीदा अभिनेत्री हैं। रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेशन है। आज रेखा का 70वां जन्मदिन है। आइए जानते हैं रेखा के जन्मदिन पर उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें। रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में हुआ। रेखा एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रेखा ने 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। रेखा ने कई फिल्मों में मजबूत और जटिल महिला किरदार निभाए हैं। रेखा ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म इंति गुट्ठ और रंगुला रत्नम में एक बाल कलाकार के रूप में की थी।



### अमिताभ ने तंगी में ठुकराया था फ्री का चेक

## बिग बी के बुरे दिन पर रजनीकांत बोले पहचान छिपाकर यश चोपड़ा के घर गए

अमिताभ बच्चन और रजनीकांत तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन' में 33 साल के बाद स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वेट्टैयन के ऑडियो लॉन्च में रजनीकांत ने अमिताभ बच्चन की तारीफ की। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब अमिताभ करोड़ों के कर्ज में डूबे थे। जिसे चुकाने के लिए वो लगातार 18 घंटे काम करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपना घर भी बेच दिया था। रजनीकांत ने कहा, अमिताभ बच्चन ने अपनी खुद की कंपनी अमिताभ बच्चन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एबीसीएल) लॉन्च की थी। लेकिन दुर्भाग्य से एबीसीएल विफल हो गई और एक्टर को काफी नुकसान हो गया। आलम यह था कि वो कर्ज में डूब गए थे। एक दिन में लगातार 18 घंटे तक काम करते थे। एक दिन अमिताभ बच्चन मंकी कैप पहन यश चोपड़ा के घर गए थे। बिग बी ने यश से काम मांगा तो उन्होंने तुरंत एक चेक लाकर उन्हें दिया, लेकिन अमितजी ने यह कहकर मना कर दिया कि वह इसे तभी लेंगे जब आप उन्हें कोई काम देंगे। इस तरह उन्हें 'मोहब्बतें' फिल्म मिली थीं। इसके बाद जल्द ही उन्हें केबीसी का भी ऑफिर मिल गया था। 'एक-एक करके अपना सारा कर्ज चुका दिया।





### 2 साल की हो गई है...*राहा*

## आलिया बोलीं- राहा बार-बार 'राधा तेरी चुनरी-बदतमीज दिल..' सुनती है

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जिगरा के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। इस दौरान कई बार आलिया अपने प्रेग्नेंसी और पेरेंटिंग लाइफ के बारे में भी बात करती नजर आती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने और रणबीर ने राहा को अपनी कुछ फिल्मों के सॉन्ग दिखाए हैं, जिसे राहा दिनभर बार-बार सुनती रहती है। राहा ने सबसे पहला गाना केसरिया सुना था- आलिया भट्ट दरअसल, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आलिया भट्ट से पूछा गया कि आप राहा को सबसे पहले अपना कौन सा सॉन्ग सुनाना चाहती हैं। इस पर आलिया ने कहा, 'अब राहा लगभग 2 साल की हो गई है। उसने सबसे पहला सॉन्ग मेरी और रणबीर की फिल्म ब्रह्मास्त्र का केसरिया सुना था।' राधा तेरी चुनरी गाने को बार-बार सुन रही है राहा आलिया ने आगे कहा, 'लेकिन हाल ही में राहा ने मेरी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का राधा तेरी चुनरी और रणबीर की फिल्म ये जवानी है दीवानी का गाना बदतमीज दिल सुना है। जिसे वो दिनभर बस बेक टू बेक सुने ही जा रही है। उसे लग रहा होगा कि इन गानों पर नाचना नॉर्मल है।' आलिया-रणबीर ने 2022 में की थी शादी आलिया और रणबीर कपूर ने सालों तक डेट करने के बाद 14 अप्रैल, 2022 को शादी कर ली थी। शादी के दो महीने बाद ही आलिया ने मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। फिर इसी साल नवंबर में आलिया ने बेटी राहा को जन्म दिया था। कपल ने पहली बार क्रिसमस के मौके पर पैपराजी के सामने बेटी राहा का चेहरा दिखाया था।

# पुलिस ने टीम बनाकर बगरोदा की फैक्ट्रियों में की जांच, तीन दवा फैक्ट्री में विशेष चेकिंग

## एसीपी मिसरोद, रजनीश कश्यप समेत, कटारा हिल्स टीआई और बागसेवनिया टीआई पहुंचे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स स्थित बगरोदा की फार्मा फैक्ट्री में अठारह सौ करोड़ का एमडी ड्रग मिलने केबाद राजधानी की जोन टू पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसीपी मिसरोद डॉ. रजनीश कश्यप, कटारा हिल्स टीआई बृजेंद्र निगम, बागसेवनिया टीआई अमित कुमार सोनी समेत छह सदस्यीय टीम बुधवार को फैक्ट्रियों की जांच करने पहुंची। टीम ने कुल तेरह फैक्ट्रियों की जांच की। इस दौरान तीन दवा फैक्ट्री की विशेष रूप से जांच की गई। पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक और फैक्ट्री के बारे में जानकारी जुटाई। फैक्ट्री का टिन, नंबर मालिक का आधार कार्ड, पेन कार्ड समेत फैक्ट्री में बनने वाले उत्पाद के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसके साथ ही फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों के वेरिफिकेशन की जानकारी भी जुटाई। पुलिस अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को चिट्ठी लिखकर ड्रग इंस्पेक्टर की मांग कर रही है, ताकि दवा फैक्ट्रियों की उच्च स्तर पर की जा सके और संदिग्ध लगने पर सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजा जा सके। बुधवार को जांच टीम के पास ड्रग इंस्पेक्टर नहीं था। हालांकि एसीपी डॉ. रजनीश कश्यप एमबीबीएस कर चुके हैं और उन्हें दवाइयों के प्रोडक्शन की अच्छी जानकारी है। उन्होंने अपने स्तर पर दवा फैक्ट्री के कच्चे माल की जांच की।



### एकेवीएन के साथ मिलकर की जांच

जानकारी के अनुसार बुधवार को बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र पहुंची औद्योगिक केंद्र विकास निगम और पुलिस की टीम ने कुल 13 कंपनियों को चेक किया। इस दौरान टीम इंडिको जैनिक बायोसाइंस कंपनी पहुंची। कंपनी में भांग का स्टाक मिला। कंपनी से लायसेंस पूछा गया तो कंपनी ने छह क्विंटल स्टॉक रखने का लायसेंस बताया। स्टॉक चेक करने पर केवल तीन क्वींटल भांग मिला। इसके अलावा दो अन्य दवा कंपनियों की जांच की गई। वहां से पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### कूलर और डबल डेकर वाहनों से करते थे ड्रग्स की तस्करी

....करोंड़ो की सिंथेटिक ओपियोइड (ड्रग्स) मैन्यूफैक्चरिंग, तस्करी प्रतिदिन नई परत खुलते जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि बगरोदा में बने ड्रग्स को कूलर, डबल डेकर वाहनों में छिपाकर मंदसौर में हरीश अंजना तक पहुंचाया जाता था। अंजना ड्रग्स की खेप को देवली, प्रतापगढ़ राजस्थान के रहने ड्रग तस्कर शोएब लाला तक पहुंचाता था। इसके बाद शोएब सिंडिकेट के मास्टर माइंड मुन्ना पठान के साथ मिलकर महाराष्ट्, पाकिस्तान, बंगलादेश के तस्करों तक ड्रग को पहुंचा देता था। अब जांच एजेंसी शोएब लाला के साथ मुन्ना पठान की सरगर्मी से तलाश में जुटी हैं। हरीश ने पूछताछ में बताया कि भोपाल में फैक्ट्री खोलने से पहले उसने सान्याल बाने, शोएब के साथ मिलकर इंदौर से सटे पीथमपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में किराए से बंद पड़ी फैक्ट्री किराए पर ली थी। ड्रग्स बनाने में उपयोग होने वाले केमिकल की जानकारी नहीं होने की वजह से वह असफल हो गए। वहां करीब 50 लाख रुपए का घाटा हुआ। इसके बाद तीनों ने योजना बनाई कि केमिकल की जानकारी रखने वाले शख्स को सिंडिकेट में शामिल किया जाए। इस बीच अमित चतुर्वेदी के बारे में उन्हें जानकारी मिली। शोएब और हरीश ने अमित चतुर्वेदी को अपने साथ शामिल कर लिया।

रविवार को एटीएस गुजरात, एनसीबी ने गत रविवार को बगरोदा में एसके सिंह के फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई करते हुए ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जांच एजेंसी ने भोपाल निवासी अमित चतुर्वेदी, नासिक निवासी सान्याल बाने को गिरफ्तार किया था। इनकी निशानदेही पर मंदसौर से हरीश आंजना को पकड़ा गया था। तीनों से पुलिस, जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

### दूसरे की जीएसटी से केमिकल गोदाम में मंगाया

अमित चतुर्वेदी ड्रग्स बनाने का केमिकल गुजरात, मुंबई से मंगाता था। उसके कारनामों का पता नहीं चले इसके लिए वह दूसरों की फर्म की जीएसटी देता था। केमिकल की डिलीवरी में अपनी गोदाम में कराता था। इससे पुलिस, जांच एजेंसियों को उसके कारनामे का पता ही नहीं चल पाता था।

### हरीश 7 लाख रुपए किलो में खरीदता था एमडी

अमित से पुलिस के अधिकारियों ने भी पूछताछ की है। उसने बताया कि एक किलो ड्रग्स बनाने में करीब 4 लाख रुपए कीमता का केमिकल खर्च आता है। सान्याल और वह मिलकर इसे हरीश को 7 लाख रुपए किलो में बेच देते थे। हरीश उसे बाजार की मांग देखकर मंहगे दाम में बेचता था। करोड़ों तक इसकी कीमत पहुंच जाती थी।

एक बाइक पर सवार होकर सलकनपुर जा रहे थे छह लोग, रातीबड़ स्थित झागरिया जोड़ हुआ हादसा

प्लेटिना बाइक डिवाइडर से टकराई

# दो मासूम बच्चों की मौत, पिता की पसली टूटी, हालत गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित छोटी झागरिया जोड़ पर प्लेटिना बाइक डिवाइडर में जा घुसी। हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास हुआ। इस हादसे में 11 साल की बच्ची और उसके पांच साल के भाई की मौत हो गई, जबकि पिता की पसलियां टूटने के कारण उनकी हालत नाज़ुक है। हादसे में एक अन्य बच्चा और दो अन्य लोग घायल हैं। सभी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि हादसे के समय एक ही बाइक पर छह लोग थे और सभी लोग गांव सिकंदराबाद से सलकनपुर मंदिर देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुनील मरावी मूलत~सिवनी, जिले का रहने वाला है। वह परिवार के साथ गांव सिकंदराबाद में रहता है। परिवार सुभाष शर्मा के क्रेशर पर काम करता है। बुधवार सुबह सुनील अपने बच्चे 5 साल के रोहन, 11 साल की वैशाली और रोहित समेत साले अर्जुन और दोस्त पिंटू समेत अंकित के साथ सलकनपुर जाने के लिए निकला था। घर से निकलने के बाद उसने क्रेशर के पास अर्जुन और पिंटू के साथ शराब पी और वहीं पर उनका प्लान बना की सलकनपुर जाना है। बिना सोचे समझे सभी छह लोग एक ही बाइक पर सवार होकर निकल गए। बाइक छोटी झागरिया के पास पहुंची थी। बाइक सुनील चला रहा था। टर्निंग पाइंट पर पहुंचते ही बाइक मुड़ी नहीं और डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में बाइक पर सामने बैठे रोहन, बाइक चला रहे सुनील समेत सुनील के पीछे वैशाली को गंभीर चोट थी। बाइक पर बैठे रोहित और अर्जुन समेत पिंटू को भी चोट आई हैं। सभी को एंबुलेंस की मदद से जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने वैशाली समेत रोहन को मृत घोषित कर दिया।

### डिवाइडर का किनारे से टकराए थे बच्चे

बाइक सामने से टकराने के कारण डिवाइडर का किनारा वैशाली, रोहन और सुनील के सीने पर लगा था। उन्हें गंभीर चोट थी। सभी जो जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां से हमीदिया रेफर कर दिया गया है। हमीदिया पहुंचने पर वैशाली और रोहन को मृत घोषित कर दिया।

### कुएं में मिली पंद्रह साल के किशोर की लाश

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गोंडीपुरा गांव में बुधवार दोपहर कुएं में गिरने से पंद्रह साल के किशोर की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला हादसा से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिलाल सब्बू पिता अब्दुल सलाम (15) गांव गोंडीपुरा, तहसील बैरसिया में रहता था। पिता अब्दुल सलाम ने पुलिस को बताया कि उनका गांव में मकान है और मकान से कुछ दूरी पर ही खेत है। खेत में पक्का कुआं है और बंधाई के साथ उसमें नीचे उतरने के लिए लोहे के सरिए की एंगल लगी है। यहां पर अक्सर बिलाल सब्बू नहाने के लिए जाता था। बुधवार सुबह भी 11 बजे के आसपास वह घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। उसकी तलाश करते हुए परिजन खेत पर पहुंचे तो उसके कपड़े और चप्पल पास ही पड़ी नजर आई। अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस ने सर्चिंग कराई तो अंदर बिलाल सब्बू की लाश मिली। परिजन ने बताया कि बिलाल सब्बू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।



### खेत में पानी दे रहे किसान की करंट से मौत

**भोपाल।** खेत में पानी देने के लिए पानी की मोटर चालू कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बैरसिया के ग्राम डुंगरिया की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर त तीश शुरू कर दी है। एसआई शंभू सिंह सेंगर ने बताया कि ग्राम डुंगरिया बैरसिया निवासी मनोहर राजपूत (32) खेती-किसानी करते थे। बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह अपने खेत पर पानी देने गए थे। पानी की मोटर चालू करने के दौरान उन्हें जोरदार करंट लग गया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक गिट्टी के ढेर पर चढ़ी, युवक की मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गांव गोल में तीन दिन पूर्व एक बाइक सवार युवक की बाइक सड़क किनारे रखे गिट्टी के ढेर पर चढ़ गई। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अनिकेत यादव पिता होरीलाल (25) गेहूंखेड़ा में रहता था और मजदूरी करता था। तीन दिन पूर्व वह ग्राम गोल जोड़ से बाइक से गुजर रहा था। रात होने के कारण उसे सड़क किनारे पड़ा गिट्टी का ढेर नजर नहीं आया और वह बाइक लेकर गिट्टी के ढेर में घुस गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

# युवक की बाइक लेकर भाग निकले बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया इलाके में रात करीब एक बजे सड़क किनारे बाथरूम के लिए रुके एक युवक की बाइक लेकर बदमाश भाग निकले। इधर टीटी नगर इलाके में एक युवक की बाइ चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सुनील अहिरवार (25) थाना दोहारा जिला सीहोर का रहने वाला है। वह भोपाल में एक होटल में काम करता है। आठ अक्टूबर की देर रात वह काम से घर लौट रहा था। रात करीब एक बजे परवलिया थानांतर्गत ग्राम दौलतपुर टिकरिया जोड़ के पास उसने सड़क किनारे बाइक खड़ी की और बाथरूम करने के लिए खेत में उतर गया। उस वक्त चाबी बाईक में ही लगी हुई थी। इसी बीच स्कूटर सवार दो युवक उसकी बाइक के पास पहुंचे। एक युवक स्कूटर से नीचे उतरा और सुनील की बाइक स्टार्ट पर दोनों भोपाल की तरफ भाग निकले। अगले दिन सुनील ने परवलिया थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर टीटी नगर थानांतर्गत माता मंदिर के पास रहने वाले आदित्य प्रताप सिंह (22) मैनिट से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उन्होंने अपनी मोटर सायकिल घर के बाहर खड़ी की थी। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे कालेज जाने के लिए बाहर निकले तो बाइक चोरी हो चुकी थी।



आसपास तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार सुभाष कालोनी अशोका गार्डन से हरिओम सोनी, सब्जी मार्केट गोविंदपुरा से नरेंद्र वर्मा, जैन मंदिर रोड कोतवाली से राहुल मालवीय और चंचल चौराहा शिवमंदिर के पास बैरागढ़ से दिनेश कुमार की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शिवसेना नेता संजय राउत पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के शिवसेना नेता संजय राउत पर भ्रम फैलाने संबंधी का मामला दर्ज किया है। इस मामले की शिकायत जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा सुषमा चौहान ने की थी। सुषमा चौहान ने शिकायत में बताया कि एक्स पर न्यूज चेनल द्वारा एक वीडियो शिवसेना नेता संजय राउत का पोस्ट किया गया है। साथ ही राउत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रसारित किया। इसमें मध्यप्रदेश शासन की लाडली बहना योजना के संबंध में जानबूझकर भ्रम फैलाने के लिए बोला गया है। राउत ने कहा है कि मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है, वहां लाडली बहना योजना चलाई और वह बंद हो गई है, तो महाराष्ट्र में भी बंद हो जायेगी। इस तरीके की झूठी अफवाह फैलाकर संजय राउत बहनों में लोकप्रिय लाडली बहना योजना के प्रति झूठी अफवाह उड़ा रहे हैं। संजय राउत ने अपने राजनैतिक लाभ के लिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव की छवि धूमिल हो। इस शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने संजय राउत के खिलाफ भ्रम फैलाने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# 11 साल के लापता बच्चे को 14 घंटे में तलाश कर किया परिजन के हवाले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अरेरा हिल्स पुलिस ने 11 साल के बच्चे को चौदह घंटे के अंदर तलाश कर परिजन के सुपूर्द कर दिया है। परिजन को बच्चे की ठीक से देखरेख करने की हिदायत दी गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को एक महिला ने थाने पहुंचकर बताया कि मेरी एक बेटी व दो जुड़वा बेटे हैं। मेरा एक बेटा मंगलवार सुबह साढ़े 9 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। उसकी तलाश की पर कुछ पता नहीं चल सका है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए टीम का गठन किया। बच्चे की तलाश के लिए टीम ने अरेरा हिल्स और आसपास के इलाकों में लगे करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। पुलिस की टीम बच्चे की तलाश करते हुए 74 बंगला क्षेत्र पहुंची, वहां जंगल-झाड़ियों में तक बच्चे की सर्चिंग की गई। इसके अलावा झरनेश्वर मंदिर ,दुर्गा मंदिर ,काली मंदिर, खेल छात्रावास, बाल उद्यान, चिनार पार्क, शोर्य स्मारक,व्यापम चौराहा तक बच्चे की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, भोपाल रेल्वे स्टेशन पहुंची, वहां भी तलाश की गई। अंत में पुलिस ने मयूर पार्क तुलसी टावर के पास से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

### सीएम के काफिला में नहीं पहुंचा पुलिस बल, हेड कांस्टेबल की वेतनवृद्धि रोकी

**भोपाल।** कोहेफिजा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। मंगलवार रात सीएम का काफिला खानूगांव से निकला और कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहा। लिहाजा सीएम के गुजरने वाले रोड पर जाम लग गया। पुलिस की जांच में पता चला है कि सेट पर पाइंट चलाया गया था। सुनने के बाद भी थाने में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक ने इसकी जानकारी स्टाफ को नहीं दी। उक्त मामले में बुधवार को डीसीपी जोन-3 रियाज इकबाल ने कोहेफिजा थाने के प्रधान आरक्षक संदीप बाथम की एक साल की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए। जानकारी के अनुसार मामला मंगलवार रात का है। कोहेफिजा थाने से पुलिस बल को खानू गांव चौराहे पर जाने को कहा गया था। प्रधान आरक्षक संदीप बाथम ने किसी भी पुलिसकर्मी को ड्यूटी की जानकारी नहीं दी। डीसीपी ने आदेश में लिखा कि ड्यूटी के दौरान संदीप बाथम ने निर्देशों की अनदेखी की। यह पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा क्रमांक-64 (2) 04(4) का स्पष्ट उल्लंघन है। खानु गांव पॉइंट पर कोहेफिजा थाने से कोई कर्मचारी नहीं था। इस वजह से यहां भीड़भाड़ थी। ट्रैफिक में लगे बल ने यहां यातायात सुचारू कराया गया। इसके बाद सीएम का काफिला रवाना हो सका।




मेट्रो एंकर

सृजन प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए मॉडल्स, अभिभावकों और शिक्षकों से की चर्चा

# किताबी पढ़ाई के साथ अन्य अभिरुचियों के क्षेत्र में भी बच्चों को मिले अवसर: डॉ. संजय गोयल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



किताबी पढ़ाई के साथ अन्य अभिरुचियों के क्षेत्र में भी बच्चों को अवसर मिलना आवश्यक है। यह उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है। स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल आज भोपाल के कमला नेहरू सीएम राइज़ स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे। सचिव डॉ. गोयल ने सृजन प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सीएम राइज़ स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये संचालित गतिविधियों के तहत सृजन प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रदर्शनियों में सत्र के आरंभ से अभी तक विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए विभिन्न मॉडल्स और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को अभिभावकों के समक्ष प्रदर्शित किया।

### सृजन का उद्देश्य और गतिविधियां

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइज़ स्कूलों में सृजन का आयोजन इस विचार के साथ किया गया है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में उनके अभिभावकों का जुड़ाव हो और वे विद्यालय में हो रही गतिविधियों से परिचित हो सकें। प्रदर्शनी में कक्षावार गतिविधियों के तहत मजबूत प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित मिशन अंकुर की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित स्व-निर्मित पोस्टर्स, गणितीय दक्षताओं पर आधारित पजल्स, अंकों, अक्षरों और शब्दों पर आधारित गतिविधियाँ प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा संजोई गई। माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के साथ ही विज्ञान और अन्य विषयों पर निर्मित आकर्षक मॉडल्स प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपने बच्चों की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर गर्व मिश्रित प्रतिक्रियाएं दीं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022